gradeup

मासिक जी.के. डाइजेस्ट

दिसम्बर 2020

www.gradeup.co

मंथली डाइजेस्ट

दिसम्बर - 2020

प्रिय पाठकों,
यह मंथली डाइजेस्ट अपडेट "**दिसम्बर- 2020**" में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। इस फ़ाइल आगामी **बैंकिंग, एसएससी, रेलवे परीक्षा** और **साक्षात्कार** के लिए महत्वपूर्ण है।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. **एशियाई विकास बैंक (ADB)** ने 'फ्यूचर ऑफ रीजनल कोऑपरेशन इन एशिया एंड द पैसिफिक' नामक एक नई पुस्तक का विमोचन किया।
   नोट: यह पुस्तक एशिया और प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय सहयोग और एकीकरण के साथ विकास की समीक्षा करती है। यह कोविड-19 महामारी से उबरने और पुनर्निर्माण के लिए साथ मिलकर काम करने हेतु इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं के लिए मार्ग खोजती है, ताकि अधिक लचीला, टिकाऊ और समावेशी भविष्य प्राप्त किया जा सके। पुस्तक में ऐसे पत्र हैं जो प्रसिद्ध विद्वानों और ADB के कर्मचारियों द्वारा लिखे गए हैं।
2. मेघालय में बिजली वितरण क्षेत्र को मजबूत करने के लिए, भारत सरकार ने हाल ही में **एशियाई विकास बैंक** के साथ 133 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किया है।
   नोट: इसके अलावा, गरीबी में कमी के लिए ऋण की पूर्ति एशियाई विकास बैंक जापान निधि से 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुदान के साथ की जानी है। यह निधि मूल रूप से नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को वित्तपोषित करने और वंचित समूहों तथा महिलाओं हेतु आय सृजन गतिविधियों का समर्थन करने के लिए आवंटित की गई थी।
3. जापान के JCB इंटरनेशनल कोऑपरेशन लिमिटेड (JCB) के सहयोग से **भारतीय स्टेट बैंक** ने भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) के रुपे नेटवर्क पर एक डेबिट कार्ड लॉन्च किया है।
   नोट: 'SBI रुपे JCB प्लैटिनम कॉन्टेक्टलेस डेबिट कार्ड' एक दोहरी इंटरफेस सुविधा के साथ आता है, जो ग्राहकों को घरेलू बाजार में कॉन्टेक्ट और कॉन्टेक्टलेस लेनदेन दोनों तथा विदेशों में निर्बाध कॉन्टेक्ट लेनदेन में सक्षम करेगा। इस कार्ड के साथ, उपभोक्ता JCB नेटवर्क के तहत दुनिया भर के ATM और PoS टर्मिनलों पर लेन-देन कर सकेंगे।
4. **वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** के आंकड़ों के अनुसार, भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत अमेरिका है।
   नोट: DPIIT (उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग) ने बताया कि अप्रैल-सितंबर 2020 के दौरान, भारत ने अमेरिका से 7.12 बिलियन डॉलर और मॉरीशस (अब चौथे स्थान पर) से 2 बिलियन डॉलर का FDI आकर्षित किया। 8.30 बिलियन डॉलर के विदेशी अंतर्वाह के साथ सिंगापुर अप्रैल-सितंबर 2020-21 में भारत के लिए FDI का शीर्ष स्रोत बना रहा। देश को केमैन आइलैंड से 2.1 बिलियन डॉलर का अंतर्वाह प्राप्त हुआ है।
5. भारत सरकार ने **एशियाई विकास बैंक** के साथ पश्चिम बंगाल में सार्वजनिक वित्त सुधारों हेतु डिजिटल प्लेटफॉर्म को बढ़ावा देने के लिए 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण समझौता किया है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: कार्यक्रम के पूर्ण सरकारी दृष्टिकोण के माध्यम से राज्य की वित्तीय और सूचना प्रणालियों के एकीकरण से सार्वजनिक सेवाओं के वितरण में सुधार करने और राजकोषीय बचत उत्पन्न करने में मदद मिलेगी जो विकास वित्तपोषण को बढ़ाकर राज्य के संवर्धन में मदद कर सकते हैं। अंतर-सरकारी ई-प्लेटफॉर्म के समर्थन के माध्यम से, कार्यक्रम पेंशन और भविष्य निधि जैसे सामाजिक सुरक्षा लाभों को संगत बनाना, अलग-अलग डेटा की सुविधा, कर भुगतान और राजस्व संग्रह को सुनिश्चित करेगा।

6. भारतीय रिजर्व बैंक ने **एचडीएफसी बैंक** को अपने कार्यक्रम डिजिटल 2.0 के तहत नियोजित डिजिटल व्यापार सृजन गतिविधियों के सभी लॉन्चों को अस्थायी रूप से रोकने का आदेश जारी किया है।

   नोट: 21 नवंबर को HDFC बैंक की इंटरनेट बैंकिंग और भुगतान प्रणाली बाधित होने के बाद 2 दिसंबर का आदेश जारी हुआ। HDFC बैंक की पिछले दो वर्षों में इस तरह की विभिन्न घटनाओं के लिए आलोचना हुई है। RBI ने HDFC बैंक के शीर्ष नेतृत्व को इसकी जांच करने और जवाबदेही तय करने का निर्देश दिया है। HDFC बैंक भारत का सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का बैंक है और इसका बाजार पूंजीकरण 7.7 लाख करोड़ रुपये है।

7. भारत के उत्तर प्रदेश में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में सुधार के लिए एशियाई विकास बैंक (ADB) ने 430 मिलियन अमेरिकी डॉलर की बहु-किश्त वित्तपोषण सुविधा (MFF) को मंजूरी दी है।

   नोट: उत्तर प्रदेश पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क रिहैबिलिटेशन प्रॉजेक्ट राज्य में बिजली आपूर्ति की दक्षता और निरंतरता में सुधार करेगी। यह परियोजना 46,000 गांवों में लगभग 70 मिलियन लोगों को लाभान्वित करने के लिए 65,000 किमी ग्रामीण लो वोल्टेज वितरण लाइनों को अनावृत चालकों से एरियल बंडल चालकों में रूपांतरण को वित्तपोषित करेगी।

8. **पंजाब नेशनल बैंक** ने ऑनलाइन ऋण प्रसंस्करण को बढ़ाने तथा सटीकता बनाए रखने और क्रेडिट प्रस्तावों को मंजूरी देने के लिए 'LenS- द लेंडिंग सॉल्यूशन' नामक एक तकनीक-आधारित ऋण प्रबंधन समाधान शुरू किया है।

   नोट: ऋण प्रसंस्करण के लिए प्रणाली, प्रक्रिया और मूल्यांकन प्रारूपों को मानकीकृत करना, ऋण मंजूरी की प्रक्रिया को तेज करना, और ऋण दस्तावेजों का ऑटो-जनरेशन इसकी शुरुआत के पीछे का मुख्य उद्देश्य है। MSME, कृषि, खुदरा और अन्य ऋण जैसे सभी प्रकार के ऋणों के लिए, प्रणाली को चरणबद्ध तरीके से लागू किए जाने की उम्मीद है।

9. **यस बैंक** ने एक प्रीमियम बैंकिंग कार्यक्रम शुरू किया है जो छोटे व्यवसाय के मालिकों से लेकर वेतनभोगी पेशेवरों और वरिष्ठ नागरिकों तक प्रमुख उपभोक्ता खंड की विशेष जरूरतों पर केंद्रित व्यक्तिगत समाधान प्रदान करता है।

   नोट: यस बैंक 1 दिसंबर से 7 दिसंबर, 2020 तक 'ट्रूली योर्स' सप्ताह के दौरान पूरे भारत में बैंक शाखा नेटवर्क में, डीलर, OEM और बैंकएश्योरेंस साझेदारों के माध्यम से कई ग्राहक केंद्रित कार्यक्रम और सक्रिय गतिविधियों के साथ इस संवर्धित कार्यक्रम के शुभारंभ का जश्न मनाएगा।

10. **इंडियन बैंक** ने भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) के साथ MSME उधारकर्ताओं के लिए उसके परिसंपत्ति पुनर्गठन मॉड्यूल का उपयोग करने के लिए एक समझौता किया है।

    नोट: MSME को कार्यशील पूंजी चक्र में उनके अनुमान और संशोधन के आधार पर ऋण वित्त का लाभ उठाने / उनके ऋण पुनर्गठन के लिए बैंकों / एफआई हेतु खाता पुस्तकों के रखरखाव, वित्तीय विवरण तैयार करने और वित्तीय अनुमान प्रस्तुत करने में कठिनाई हो रही है। MSME को इस उद्देश्य के लिए तृतीय पक्ष से संपर्क करना होगा जिसमें समय और लागत लगेगी।

11. **एक्सिस बैंक** ने रुपिफी और वीजा के साथ साझेदारी में MSMEs के लिए रूपिफी बिजनेस क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: वीज़ा द्वारा संचालित यह संपर्क रहित को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड केवल MSME व्यवसायों के लिए प्रयोज्य है, जो अपनी व्यापार खरीद के लिए रूपिफी पैन (स्थायी खाता संख्या) इंडिया के साथ भागीदारी के एग्रीगेटर प्लेटफार्मों पर लेनदेन करते हैं। कार्ड ऐसे MSME को ऋण समाधान प्रदान करता है। यह केवल घरेलू लेनदेन के लिए है।

12. हाल ही में, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने चलनिधि प्रबंधन को अधिक कुशल बनाने हेतु **क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों** के लिए चलनिधि समायोजन सुविधा (LAF) का विस्तार करने का निर्णय लिया है।

नोट: तदनुसार, शीर्ष बैंक ने RRB के लिए चलनिधि समायोजन सुविधा (LAF) और सीमांत स्थायी सुविधा (MSF) का विस्तार करने का निर्णय लिया है। इसने RRB को कॉल / नोटिस मनी मार्केट में उधारकर्ताओं और उधारदाताओं दोनों के रूप में भाग लेने की अनुमति देने का फैसला किया है। RRB को वर्तमान में रिजर्व बैंक की चलनिधि विंडों के साथ-साथ कॉल / नोटिस मनी मार्केट तक पहुंच की अनुमति नहीं है।

13. भारतीय रिजर्व बैंक ने 1 जनवरी, 2021 से कॉन्टेक्टलेस कार्ड लेनदेन की सीमा 2,000 रुपये प्रति लेन-देन से बढ़ाकर **5,000 रुपये** करने का प्रस्ताव किया है।

नोट: इसी प्रकार, आवर्ती लेनदेन के लिए कार्ड और प्रीपेड भुगतान के साधन (PPI) पर ई-आदेश और स्थायी निर्देशों को संसाधित करने की सीमा को बढ़ाकर 5,000 रुपये कर दिया गया है। यह घोषणा 4 दिसंबर, 2020 को हुई RBI की मौद्रिक नीति घोषणा का हिस्सा थी।

14. पेटीएम ने MSME को तत्काल डिजिटल ऋणों से सशक्त बनाने के लिए **सूर्योदय लघु वित्त बैंक** के साथ भागीदारी की है।

नोट: कंपनी उन व्यवसायों को तत्काल माइक्रोलोन प्रदान कर रही है जो पारंपरिक बैंकिंग कंपनियों से वित्तीय सेवाओं प्राप्त करने में असमर्थ हैं। इस साझेदारी के माध्यम से कंपनी अगले 12 से 18 महीनों में 1 लाख से अधिक लघु व्यवसायों को ऋण वितरित करने का लक्ष्य निर्धारित कर रही है।

15. नाबार्ड के कर्नाटक के क्षेत्रीय कार्यालय ने वाटरशेड विकास और आदिवासी विकास परियोजनाओं के लाभार्थियों को रियायती पुनर्वित्त सुविधा का विस्तार करने के लिए **भारतीय स्टेट बैंक** के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

नोट: MoU का लक्ष्य 28 जिलों में 260 किसान उत्पादक संगठनों के 45000 लाभार्थियों को लाभान्वित करना है। इसके अलावा स्वयं सहायता समूहों और संयुक्त देयता समूहों के 8500 लाभार्थियों को कवर किया जाएगा। MoU हस्ताक्षर करने से SBI स्वयं सहायता समूहों के डिजिटलीकरण के लिए एक कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में काम करने और पूरे राज्य में ई-शक्ति पोर्टल पर डेटा अपलोड करने में सक्षम बनेगा।

16. वित्तीय समाधान प्रदाता रेजरपे ने लघु व्यवसायों और फ्रीलांसरों के लिए अंतर्राष्ट्रीय भुगतान की सुविधा हेतु वैश्विक डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म **पेपल** के साथ भागीदारी की है।

नोट: कंपनी का व्यवसाय अब पेपल के साथ एकीकृत हो सकता है और 200 बाजारों से अंतर्राष्ट्रीय ग्राहकों द्वारा सुविधाजनक, तेज और सुरक्षित तरीके से भुगतान स्वीकार कर सकता है।

17. फिनटेक कंपनी फिनइन ने **एसबीएम बैंक** के साथ साझेदारी में स्वयं को 'नियोबैंक' के रूप में लॉन्च किया है।

नोट: यह उपयोगकर्ता के खर्च का विस्तृत विश्लेषित विवरण और पूर्व-निर्धारित सीमा से आगे जाने पर संकेत भेजना और पैसे का लिक्विड फंडों में आटोमैटिक स्वीप जैसी सुविधाएं प्रदान करेगा। बैंक सफेदपोश श्रमिकों और फ्रीलांसरों को लक्षित करेगा और लॉन्च से पहले 15,000 लोगों की प्रतीक्षा सूची होगी। इसने छह महीने में 50,000 खाते खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

18. केटो भारत के सहयोग से **HDFC लाइफ** ने एक राष्ट्रव्यापी क्राउडफंडिंग अभियान #PromisewalaDabba की शुरुआत की है।
नोट: #PromiseWalaDabba को मुंबई के डब्बावालों की सहायता के लिए बीमा कंपनी द्वारा शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य मुंबई के डब्बावालों को उनके घर मासिक राशन आपूर्ति वितरण प्रदान करके एक बार फिर अपने पैरों पर खड़े होने में मदद करना है। भारत का अग्रणी क्राउडफंडिंग प्लेटफॉर्म केटो ने अभियान के भाग के रूप में इसके लिए धन जुटाने हेतु एक प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करने के लिए HDFC लाइफ के साथ भागीदारी की है।

19. **यस बैंक** और NPCI के साथ साझेदारी में पेनियरबाय ने पेनियरबाय शॉपिंग कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की, जो इसके खुदरा भागीदारों को व्यापक बाजार श्रेणी में डिजिटल कॉमर्स का अधिकतम लाभ प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।
नोट: नई सेवा पेनियरबाय खुदरा विक्रेताओं को सुरक्षित, जोखिम-मुक्त माध्यम में अनेक डिजिटल सेवाएं प्राप्त करने की अनुमति देगी। खुदरा विक्रेता ई-लर्निंग, ई-कॉमर्स, ऑनलाइन गेमिंग, मासिक रिचार्ज और उपयोगिता भुगतान, ऑनलाइन संगीत और वीडियो जैसी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। पेनियरबाय शॉपिंग कार्ड रुपे द्वारा संचालित है और इसका लक्ष्य व्यापक बाजार अभिग्रहण को सक्षम बनाना है। यह संभवत: जमीनी स्तर पर नकदी डिजिटलीकरण विकल्पों की अनुमति देगा।

20. **कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक** ने किसानों के लिए 'कृषि ओडी' योजना शुरू की है।
नोट: किसानों को भूमि के मूल्य के आधार पर एक ओडी सुविधा प्रदान की जाती है। यह सीमा सिंचित भूमि के लिए अधिकतम 1.5 लाख रुपये प्रति एकड़ और शुष्क भूमि के लिए 1 लाख रुपये प्रति एकड़ है। इस सुविधा का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं जैसे मशीनरी और उपकरण का रखरखाव, मशीनरी की मरम्मत और प्रतिस्थापन, कृषि संबद्ध गतिविधियों और यहां तक कि व्यक्तिगत उपयोग हेतु लिए गए निजी ऋणों के पुनर्भुगतान में किया जा सकता है।

21. एशियाई विकास बैंक (ADB) ने **बेंगलुरु** में बिजली वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण और उन्नयन हेतु 190 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है।
नोट: ADB द्वारा बेंगलुरु स्मार्ट एनर्जी एफिशिएंट पावर डिस्ट्रीब्यूशन प्रॉजेक्ट के लिए निधि में बेंगलुरु इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी लिमिटेड (BESCOM) को 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर का संप्रभु ऋण और 90 मिलियन अमेरिकी डॉलर का गैर-संप्रभु ऋण शामिल है। इसमें राज्य सरकार के स्वामित्व वाले उद्यम के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के ऋणों को संयुक्त करते हुए ADB की ओर से अपनी तरह की पहली नवीन वित्तपोषण व्यवस्था शामिल है।

22. **आईसीआईसीआई बैंक** ने 'फिनटेक' क्षेत्र में प्रवेश किया है और एक ऐप लॉन्च किया है जो किसी भी बैंक के ग्राहकों को भुगतान और बैंकिंग सेवाएं प्रदान करता है।
नोट: मोबाइल एप्लिकेशन बचत खाता, निवेश, ऋण, क्रेडिट कार्ड, गिफ्ट कार्ड, ट्रैवल कार्ड इत्यादि जैसी तत्काल बैंकिंग सेवाओं के साथ ग्राहकों को किसी भी UPI ID या व्यापारियों को भुगतान करने, बिलों का भुगतान करने और ऑनलाइन रिचार्ज करने में सक्षम बनाने जैसे अनेक प्रकार की भुगतान ऐप सुविधाएं प्रदान करता है। इसके अलावा, 'iMobile Pay' के उपयोगकर्ता किसी भी बैंक खाते, भुगतान ऐप और डिजिटल वॉलेट में भी धन हस्तांतरित कर सकते हैं।

23. नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (ni-msme) और भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) ने देश के MSME में डिजिटलीकरण के बारे में जागरूकता फैलाने की क्षमता निर्माण पहल 'डिजिटल सक्षम' लॉन्च करने के लिए फिनटेक कंपनी **मास्टरकार्ड** के साथ साझेदारी की है।
नोट: डिजिटल सक्षम एक विस्तारक कार्यक्रम है जिसे MSME के डिजिटल ज्ञान और स्वीकृति बढ़ाने के

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

माध्यम से उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने के लिए डिजाइन किया गया है। भारत के सात राज्यों के 25 शहरों में डिजिटल सक्षम जारी किया जाएगा।

24. उज्जीवन लघु वित्त बैंक ने अपने ग्राहकों को उनके अड़ोस-पड़ोस में बैंकिंग सेवाएं सुलभ बनाने के लिए एक नया चैनल 'मनी मित्रा' शुरू किया है।

नोट: मनी मित्रा विशेष रूप से उज्जीवन SFB ग्राहकों को खुदरा बैंकिंग समाधान प्रदान करने के लिए किराना / मेडिकल स्टोर या बीमा एजेंसियों जैसे स्थानीय व्यवसायों के उद्यमियों को सुविधा प्रदान करता है। वर्तमान में, उज्जीवन SFB ने देश भर में 100 से अधिक मनी मित्रा आउटलेट स्थापित किए हैं।

25. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, **बैंक ऑफ बड़ौदा** ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करने के लिए 'आत्मनिर्भर वूमन स्कीम' शुरू की है।

नोट: यह शुरुआत बैंक के बड़ौदा गोल्ड लोन का हिस्सा है। यह शुरुआत भारत में 18 ज़ोन के अंतर्गत आने वाली 18 शाखाओं में एक साथ की गई थी। इस योजना के तहत महिलाएं 0.50% रियायत पर ऋण प्राप्त कर सकती हैं।

26. विश्व बैंक ने भारत में उन्नत जैव ईंधन विकास का समर्थन करने के लिए 2.5 मिलियन डॉलर की तकनीकी सहायता को मंजूरी दी है।

नोट: इस अनुदान को एशिया क्लीन एनर्जी फंड से वित्त पोषित किया गया है, जो जापान सरकार द्वारा क्लीन एनर्जी फाइनेंसिंग पार्टनरशिप फैसिलिटी और कोरिया गणराज्य के ई-एशिया और नॉलेज पार्टनरशिप फंड के तहत वित्तपोषित है। इस प्रतिबद्धता के साथ, ADB भारत सरकार की राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति का समर्थन करता है, जिसे 2018 में स्थापित किया गया था।

27. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने महाराष्ट्र के कराड जनता सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया है।

नोट: इसका अर्थ है कि बैंक को कोई भी जमा स्वीकारने या कोई भी भुगतान करने से प्रतिबंधित किया गया है। हालांकि, बैंक के जमाकर्ताओं को भुगतान करने की प्रक्रिया चालू की जाएगी।

28. आईसीआईसीआई बैंक ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सभी मौद्रिक लेनदेन हेतु सभी वित्तीय संस्थानों के लिए अभिहित बैंक होने का आदेशपत्र हासिल किया है।

नोट: यह NHM के लिए एकल बैंक खाता प्रणाली को लागू करने के पश्चिम बंगाल सरकार के फैसले की तर्ज पर है। इसके तहत, सभी वित्तीय लेनदेन ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से संचालित किए जाएंगे, जो बैंक खातों के साथ एकीकृत होंगे।

29. एशियाई विकास बैंक ने अपने एशियन डेवलपमेंट आउटलुक में वित्त वर्ष 2020-21 में भारतीय सकल घरेलू उत्पाद में 8 प्रतिशत के संकुचन का अनुमान लगाया है।

नोट: इससे पहले बैंक द्वारा अनुमान लगाया गया था कि भारत की GDP 9% संकुचित होगी। यह बैंक द्वारा भारत का GDP पूर्वानुमान है। वृद्धि का अनुमान 8% रखा गया है। ये घोषणाएं एशियन डेवलपमेंट आउटलुक का हिस्सा हैं। एशियन डेवलपमेंट आउटलुक के अनुसार, विकासशील एशिया वर्ष 2020 में 0.4% संकुचन और 2021 में 6.8% की वृद्धि करेगा।

30. टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल ने स्काईलो के साथ साझेदारी में भारत में नैरो बैंड इंटरनेट ऑफ थिंग्स नेटवर्क का पहला सैटेलाइट लॉन्च किया है।

नोट: यह सैटेलाइट आधारित नैरोबैंड इंटरनेट ऑफ थिंग्स प्रौद्योगिकी में एक महत्वपूर्ण खोज के लिए है। यह भारत में किसानों, मछुआरों, निर्माण और लॉजिस्टिक एंटरप्राइजेज की मदद करने वाले डिजिटल इंडिया मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद करेगा।

31. आरबीएल बैंक ने कई जीवन बीमा उत्पाद प्रदान करने के लिए ICICI प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड के साथ एक बैंकएश्योरेंस समझौता किया है।

नोट: यह साझेदारी RBL बैंक के 8.7 मिलियन से अधिक ग्राहकों को ICICI प्रूडेंशियल लाइफ के ग्राहक-केंद्रित संरक्षण और दीर्घकालिक बचत उत्पादों तक पहुंच

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

और उन्हें खरीदने की सुविधा देगी।यह जीवन बीमा कवर के माध्यम से ग्राहकों और उनके परिवारों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है।

32. **SBI जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड** ने भारत के टियर 2 और 3 शहरों में बीमा पैठ बढ़ाने के लिए महिंद्रा इंश्योरेंस ब्रोकर्स लिमिटेड (MIBL) के साथ रणनीतिक साझेदारी की है।

नोट: MIBL ने अपने 'साझेदारी कार्यक्रम' के तहत SBI जनरल इंश्योरेंस के साथ सहयोग किया है। यह एसोसिएशन कंपनी को टियर- II और III शहरों में लोगों को स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करने में सक्षम बनाता है और रोजगार भी सृजित करता है।

33. **भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस** ने उन फ्रंटलाइन हेल्थकेयर वर्करों की सराहना करने के लिए एक विशेष पहल 'गॉट यू कवर्ड' शुरू की है जो लोगों को कोविड-19 महामारी से बचाने के लिए प्रयासरत है।

नोट: भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस ने आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत युवाओं को नि: शुल्क कौशल और प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने वाले कौशल विकास संगठन, प्राइमरो स्किल्स एंड ट्रेनिंग के साथ समझौता किया है, ताकि वह अपने स्वास्थ्य कर्मियों को मौजूदा कोविड महामारी के दौरान जीवन और स्वास्थ्य जोखिमों के सामने सुरक्षा प्रदान करके सहायता कर सकें। कंपनी #GotYouCovered पहल को बढ़ावा देगी और लोगों को फ्रंटलाइन हेल्थकेयर वर्करों के प्रयासों को स्वीकार करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

34. फिनटेक कंपनी **मास्टरकार्ड**के साथ साझेदारी में, यस बैंक ने भारत के अमीर और उच्च निवल संपत्ति वाले व्यक्तियों के लिए 'यस प्राइवेट प्राइम क्रेडिट कार्ड' लॉन्च किया है।

नोट: कार्ड मास्टरकार्ड वर्ल्ड एलीट प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। कार्ड पूरी तरह से लाइफस्टाइल क्रेडिट कार्ड है। यस प्राइवेट प्राइम क्रेडिट कार्ड अपने मूल्यवान ग्राहकों को प्रीमियम और अनन्य सेवाएं देने के लिए यस बैंक की रणनीति के अनुरूप है।

35. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने दिसंबर 2020 में **कराड जनता सहकारी बैंक** के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावना न होने के कारण उसका लाइसेंस रद्द कर दिया है।

नोट: महाराष्ट्र के कोऑपरेशन और रजिस्ट्रार ऑफ कोऑपरेटिव सोसाइटीज़ के आयुक्त से बैंक को बंद करने और बैंक के लिए एक परिसमापक नियुक्त करने का आदेश जारी करने का अनुरोध किया गया है। RBI ने कहा कि उसने बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया क्योंकि बैंक के पास "पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावना नहीं है"।

36. **फेडरल बैंक** ने न्यूजीलैंड में NRI और लघु व्यवसायों द्वारा भारत के लिए कम लागत के धन हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करने के लिए ऑर्बिट रेमिट लिमिटेड के साथ करार किया है।

नोट: न्यूजीलैंड स्थित एक प्रमुख पूर्ण-सेवा प्रदाता ऑर्बिट रेमिट लिमिटेड की ऑस्ट्रेलिया, यूके जैसे अन्य देशों में मौजूदगी है और वर्तमान में यह दुनिया भर के लगभग 39 देशों में धन भेजने की सेवाएं प्रदान करती है।

37. एशियाई विकास बैंक ने कोविड वैक्सीन की खरीद में अपने सदस्य देशों की मदद के लिए **APVAX** की सुविधा शुरू की है।

नोट: एशियाई विकास बैंक (ADB) ने ADB के विकासशील सदस्य देशों की वैक्सीन खरीदने में तीव्र और समान वित्तीय सहायता के लिए एशिया पैसिफिक वैक्सीन एक्सेस फैसिलिटी (APVAX) शुरू की है। APVAX के आवंटन की कुल लागत: 9 बिलियन डॉलर।

38. **बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज** ने ई-कृषि हाजिर बाजार प्लेटफॉर्म BEAM लॉन्च किया है।

नोट: यह एकल बाजार निर्माण परिकल्पना के साथ एक राष्ट्र स्तरीय, संस्थागत, इलेक्ट्रॉनिक, पारदर्शी कमोडिटी स्पॉट ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगा। BSE एशिया का सबसे पुराना स्टॉक एक्सचेंज और दुनिया का 10वां सबसे बड़ा स्टॉक एक्सचेंज है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

39. इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने एक नए डिजिटल पेमेंट ऐप डार्क पे लॉन्च किया है।

नोट: ऐप को पूरे भारत में अंतिम छोर पर डिजिटल वित्तीय समावेश प्रदान करने के लिए जारी प्रयासों के भाग के रूप में लॉन्च किया गया है। डिजिटल भुगतान के साथ डार्क पे इंडिया पोस्ट और IPPB द्वारा प्रदान की गई डिजिटल वित्तीय और सहायक बैंकिंग सेवाओं के लिए भी काम करेगा।

40. **एडलवाइस जनरल इंश्योरेंस** कंपनी ने अपने बिजनेस पार्टनर्स के साथ पूर्ण डिजिटल सहयोग को सक्षम करने के लिए अपनी तरह का पहला ओपन एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (API) गेटवे लॉन्च किया है।

नोट: यह इसके बिजनेस पार्टनर्स के साथ पूर्ण डिजिटल सहयोग की सुविधा प्रदान करने वाली अपनी तरह की पहली सेवा है। इस गेटवे के साथ, EGI के अधिकृत भागीदार अपने सिस्टम को कंपनी के मजबूत तकनीकी प्लेटफॉर्म के साथ जोड़ सकते हैं। यह ग्राहकों और भागीदारों दोनों के साथ EGI के संपर्कों को मजबूत करने में मदद करेगा।

41. सार्वजनिक क्षेत्र के **केनरा बैंक** ने इंटरनेट बैंकिंग उपयोगकर्ताओं को समेकित विदेशी मुद्रा लेन-देन में सक्षम बनाने के लिए एक नया तकनीकी उत्पाद 'FX 4 U' लॉन्च किया है।

नोट: नया उत्पाद इंटरनेट बैंकिंग उपयोगकर्ताओं को समेकित विदेशी मुद्रा लेनदेन को संभालने में सक्षम बनाएगा। वर्तमान में, आउटवर्ड रेमिटेंस मॉड्यूल कार्यान्वित किया जा रहा है, शेष मॉड्यूल शीघ्र ही चालू किए जाएंगे। यह सुविधा सभी योग्य व्यक्तिगत ग्राहकों को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEMA), 1999 के अनुसार धन विप्रेषण सुविधा प्रदान करने में सक्षम बनाती है।

42. भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत के **जयपुर** शहर में एक ऑटोमेटेड बैंकनोट प्रॉसेसिंग सेंटर (ABPC) स्थापित करने की घोषणा की है।

नोट: ABPC रसीद, भंडारण, पुनर्प्राप्ति, प्रसंस्करण और नष्ट करने के लिए बैंक नोटों के प्रबंधन को स्वचालित करेगा। यह प्रिंटिंग प्रेसों से प्राप्त नए बैंकनोटों के भंडारण, करेंसी चेस्टों (CC) और बैंक शाखाओं से प्राप्त बैंकनोटों के प्रसंस्करण और एक स्वचालित तरीके से गंदे बैंकनोटों को नष्ट करने का काम भी करेगा।

43. रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने चालू वित्त वर्ष 2020-21 में भारत की GDP में **7.7** प्रतिशत संकुचन का अनुमान लगाया है।

नोट: क्रिसिल ने अपनी सितंबर की रिलीज़ में, अनुमान लगाया कि सितंबर 2020 में भारत की GDP लगभग 9% होगी। क्रिसिल को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2021-22 में वृद्धि 10% तक वापस आ सकती है।

44. केरल स्टार्टअप मिशन के तहत ईवायर सॉफ्टटेक ने अखिल भारतीय स्तर पर अगली पीढ़ी के भुगतान प्लेटफॉर्म प्रदाता चार्ट को सक्षम बनाने के लिए यस बैंक के साथ मिलकर एक प्रीपेड कार्ड लॉन्च किया है।

नोट: को-ब्रांडेड डिजिटल बैंकिंग मोबाइल एप्लिकेशन सार्वजनिक और कॉरपोरेट घरानों को अपने चैनल भागीदारों के माध्यम से ऋण, बीमा और CASA खाते में मदद करेगा। यह इसके रूपे प्रीपेड कार्ड प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जा सकता है। कार्ड को 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में यस बैंक की शाखाओं के माध्यम से पेश किया जाएगा।

45. नेशनल सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स **सिटी बैंक** के साथ साझेदारी में उन युवा होनहार छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान कर रहा है जो हिंदुस्तानी संगीत के क्षेत्र में उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं।

नोट: गायन के तहत खयाल तथा ध्रुपद और वादन में तबला या पखावज में प्रशिक्षण के लिए युवा संगीतकारों हेतु CITI-NCPA छात्रवृत्ति 2021-22 प्रदान की जाएगी। 18 से 35 वर्ष की आयु के आवेदकों को अपने आवेदन पत्र 15 जनवरी, 2021 तक भेजने हैं। ऑडिशन उस समय बीएमसी के मानदंडों के आधार पर फरवरी में या तो ऑनलाइन या NCPA में आयोजित किए जाएंगे।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

46. **यस बैंक** ने वेतन खाताधारकों के भुगतान अनुभव को बढ़ाने के लिए वीज़ा के साथ पेमेंट प्रोसेसर के रूप में भागीदारी की है।

नोट: यह शुरूआत ग्राहकों को मास्टरकार्ड और रूपे ब्रांडेड डेबिट कार्ड के साथ वीजा- ब्रांडेड यस बैंक डेबिट कार्ड का लाभ उठाने में सक्षम बनाती है। यह उन्नतिकरण ग्राहकों को दुनिया में सबसे अच्छा भुगतान अनुभव प्रदान करने के लिए बैंक की दूरदर्शिता से संरेखित है। यह भारत में नकदरहित परिवर्तन की दिशा में भी एक कदम है।

47. फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट ने पेमेंट सॉल्यूशन कंपनी **पे पल** पर मनी लॉन्ड्रिंग रोधी कानून के कथित उल्लंघन और "वित्तीय चोरी" को छिपाने और भारत की वित्तीय प्रणाली के "विघटन" के दुष्प्रेरण का आरोप लगाते हुए 96 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

नोट: कंपनी पर सार्वजनिक हित के नियमों और मनी लॉन्ड्रिंग निरोधक अधिनियम (PMLA) के प्रावधानों को "तोड़ने- मरोड़ने" का भी आरोप लगाया गया है, जिसका उद्देश्य देश की वित्तीय प्रणाली को आर्थिक अपराधों, आतंकवादी वित्तपोषण और काले धन के लेन-देन से सुरक्षित रखना है।

48. यस बैंक ने फिनटेक कंपनी **मास्टर कार्ड** के साथ साझेदारी में भारत के अमीर और अधिक कमाई वाले करने व्यक्तियों के लिए 'यस प्राइवेट प्राइम क्रेडिट कार्ड' लॉन्च किया है।

नोट: यस प्राइवेट प्राइम क्रेडिट कार्ड अपने मूल्यवान ग्राहकों को प्रीमियम और विशिष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए यस बैंक की रणनीति के अनुरूप है। यह प्राथमिक और पूरक कार्ड धारकों और मेहमानों के लिए अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू हवाई अड्डे के प्रतीक्षालय पर असीमित पहुंच प्रदान करता है। कार्ड खरीदने पर, ओबेरॉय होटल्स एंड रिसॉर्ट्स द्वारा 9,000 रुपये का गिफ्ट वाउचर दिया जाएगा। यह एक वार्षिक सुविधा है और यह कार्ड नवीनीकरण पर भी उपलब्ध होगी।

49. भारतीय निर्यात-आयात बैंक ने **उज्बेकिस्तान** के लिए 448 मिलियन की ऋण सहायता दी है।

नोट: यह ऋण सहायता (लाइन ऑफ क्रेडिट) उज्बेकिस्तान में सड़क और परिवहन, जल और प्रौद्योगिकी एवं संचार क्षेत्रों में विभिन्न परियोजनाओं के वित्तपोषण हेतु है। इस समझौते पर हस्ताक्षर करने के साथ, एक्ज़िम बैंक अब भारत से वित्तपोषण निर्यात हेतु लगभग 26.59 बिलियन डॉलर की ऋण प्रतिबद्धताओं के साथ अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका, CIS और ओशिनिया समेत 62 देशों में 266 लाइन ऑफ क्रेडिट कर चुका है।

50. **सेबी** ने कंपनी प्रमोटरों द्वारा धन, बैंक ऋण और संसाधनों के परिवर्तन के मामलों से निपटने के लिए एक विशेष विभाग का गठन किया है।

नोट नए विभाग को कॉर्पोरेशन फाइनेंस इनवेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (CFID) के नाम से जाना जाएगा। नया विभाग यह भी जांच करेगा कि क्या प्रमोटरों द्वारा कंपनी की जमीन, गेस्ट हाउस या वाहनों जैसे संसाधनों का दुरुपयोग किया जाता है।

51. फिनटेक कंपनी **ऐसवेयर** ने कोच्ची में ऐस मनी माइक्रो एटीएम सेवा शुरू की है।

नोट: प्रारंभ में, यह सेवा कोच्चि शहर में उपलब्ध होगी, और कंपनी ने यह सेवा शुरू करने के लिए वितरण अधिकारियों की भर्ती पहले ही कर ली है। कंपनी जनवरी 2021 तक राज्य की सभी नगरपालिकाओं में सेवा का विस्तार करने की योजना बना रही है।

52. भारतीय स्टेट बैंक की शोध रिपोर्ट ने वित्त वर्ष 2020-21 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में **7.4 प्रतिशत** के संकुचन का अनुमान लगाया है।

नोट: रिपोर्ट में यह भी माना गया है कि सकल घरेलू उत्पाद को महामारी से पूर्व के स्तर तक पहुंचने में वित्त वर्ष 2021 की चौथी तिमाही से सात तिमाहियों का समय लगेगा। संशोधित GDP अनुमान SBI 'नाउकास्टिंग मॉडल' पर आधारित हैं, जिसमें 41 उच्च आवृत्ति संकेतक उद्योग गतिविधि, सेवा गतिविधि और वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़े हैं।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

53. एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने घरेलू यात्रा बीमा प्रदान करने के लिए मल्टी-मोडल इंटरसिटी मोबिलिटी प्लेटफॉर्म IntrCity RailYatri के साथ भागीदारी की है।

नोट: IntrCity RailYatri के माध्यम से सवारी करने वाले बस यात्रियों को बीमा की पेशकश की जाएगी, यह 5 लाख रुपये का मानार्थ यात्रा कवर होगा जो यात्रा टिकट के साथ आएगा। यात्रा बीमा के तहत, SBI जनरल इंश्योरेंस आकस्मिक मृत्यु, स्थायी विकलांगता और चिकित्सा सुविधा सहित कई प्रकार के कवरेज प्रदान किए जाएंगे।

54. भारत सरकार ने विश्व बैंक के साथ कोरोनावायरस संकट के तहत गरीब और कमजोर लोगों की सहायता के लिए 400 मिलियन डॉलर के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: यह दो नियोजित श्रृंखला में दूसरा ऑपरेशन है क्योंकि 750 मिलियन डॉलर के पहले ऑपरेशन को मई 2020 में मंजूरी दी गई थी। विश्व बैंक की रियायती ऋण शाखा इंटरनेशनल डेवलपमेंट एसोसिएशन (IDA) द्वारा 400 मिलियन डॉलर ऋण का विस्तार किया गया है।

55. भारत सरकार और **न्यू डेवलपमेंट बैंक** ने देश में ग्रामीण अवसंरचना और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का समर्थन करने के लिए 1,000 मिलियन डॉलर ऋण देने के लिए एक ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: कार्यक्रम में NRM से संबंधित टिकाऊ ग्रामीण अवसंरचना संपत्ति निर्माण और ग्रामीण गरीबों के लिए रोजगार के अवसरों के सृजन का प्रस्ताव है, इसमें विशेष रूप से प्रवासी श्रमिक शामिल हैं जो शहरी क्षेत्रों से वापस आए हैं और कोविड-19 महामारी के कारण अपनी आजीविका खो चुके हैं।

56. उत्तर प्रदेश में ग्रामीण बिजली वितरण नेटवर्क को उन्नत बनाने के लिए भारत सरकार ने **एशियाई विकास बैंक** के साथ 300 मिलियन डॉलर के ऋण पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: यह उप्र विद्युत वितरण नेटवर्क पुनर्सुधार परियोजना हेतु ऋण की पहली किश्त है। दो किश्त वाली परियोजना के लिए कुल 430 मिलियन डॉलर की मल्टी-ट्रेंच फाइनेंसिंग फैसिलिटी (MFF) को मंजूरी दी गई है।

57. **सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ़ बड़ोदा** ने भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत बैंक खाताधारकों को कई सुविधाओं के साथ अनुकूलित सेवाएं प्रदान करेगा।

नोट: बैंक ने 'बड़ौदा मिलेट्री सैलरी पैकेज' के माध्यम से विशेष अनुकूलित बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए भारतीय थलसेना के साथ अपने मौजूदा समझौता ज्ञापन को नवीनीकृत भी किया। 'बड़ौदा मिलेट्री सैलरी पैकेज' के तहत बैंक की 8,200 से अधिक घरेलू शाखाओं और लगभग 20,000 व्यापारिक टचप्वाइंट के माध्यम से भारतीय सशस्त्र बलों के सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मियों को सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

58. सार्वजनिक क्षेत्र के **सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया** ने भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) के साथ मिलकर 'रूपे सिलेक्ट' नाम से कॉन्टेक्टलेस डेबिट कार्ड का एक अनूठा संस्करण लॉन्च किया है।

नोट: रुपे डेबिट सिलेक्ट कार्ड के रूप में बैंक की यह पेशकश, ग्राहकों की जीवन शैली, फिटनेस, कायाकल्प, पोषण और व्यक्तिगत देखभाल पर ध्यान केंद्रित करेगी। सेंट्रल बैंक रुपे सिलेक्ट डेबिट कार्ड के उपयोगकर्ता गोल्फ कोर्स, जिम, स्पा और रेस्तरां के लिए अतिरिक्त सदस्यता और रियायती सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

59. ऑनलाइन भुगतान समाधान प्रदाता **पेयू** ने भारत में व्यापारियों के लिए टोकेनाइज्ड पेमेंट फ्लो शुरू करने के लिए गूगल पे के साथ साझेदारी की है।

नोट: इस साझेदारी के बाद, गूगल पे उपयोगकर्ताओं को अब अपने डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या गूगल पे UPI से पे यू व्यापारी को भुगतान करने का विकल्प मिलेगा। फोन और कार्ड से लिंक डिजिटल टोकन के साथ, गूगल पे उपयोगकर्ता बार-बार सुरक्षित भुगतान कर सकते हैं।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

60. एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने घरेलू यात्रा बीमा प्रदान करने के लिए मल्टी-मॉडल इंटरसिटी मोबिलिटी प्लेटफॉर्म इंटरसिटी रेलयात्री के साथ भागीदारी की है।

नोट: इंटरसिटी रेलयात्री के माध्यम से टिकट करने वाले बस यात्रियों को बीमा की पेशकश की जाएगी, यह 5 लाख रुपये का मानार्थ यात्रा कवर होगा जो यात्रा टिकट के साथ मिलेगा। यात्रा बीमा के तहत, SBI जनरल इंश्योरेंस में आकस्मिक मृत्यु, स्थायी पूर्ण विकलांगता और चिकित्सा सहित कई प्रकार के कवरेज प्रदान किए जाएंगे।

61. नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (NCAER) ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि में 7.3 प्रतिशत संकुचन का अनुमान लगाया है।

नोट: भारतीय अर्थव्यवस्था की मध्य-वर्षीय समीक्षा में, NCAER ने कहा कि महामारी का दीर्घकालिक प्रभाव वर्षों तक रहेगा।

62. डायरेक्ट टू होम (DTH) प्रसारण सेवाओं के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार DTH में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की अनुमति होगी।

नोट: इसने लाइसेंस अवधि 10 वर्ष से बढ़ाकर 20 वर्ष करने और लाइसेंस शुल्क कम करने को भी मंजूरी दी। दूरसंचार क्षेत्र में दरों को ध्यान में रखते हुए लाइसेंस शुल्क को कम किया गया था। वर्तमान में, भारत में 18 करोड़ टेलीविजन सेट हैं, जिसमें से 6 करोड़ DTH पर काम करते हैं।

63. अपनी तरह का पहला फार्मर रजिस्ट्रेशन एंड यूनिफाइड बेनेफिसियरी इनफॉर्मेशन सिस्टम (FRUITS) पोर्टल, ई-गवर्नेंस, कर्नाटक सरकार शुरू करने वाला पहला वित्तीय संस्थान (FI) **केनरा बैंक** है।

नोट: केनरा बैंक प्रायौगिक आधार पर परियोजना शुरू करने वाला पहला वित्तीय संस्थान (FI) बन गया। यह कर्नाटक सरकार की ओर से राज्य के सभी 70 लाख किसानों की भूमि और अन्य विवरणों को एक ही प्लेटफॉर्म के तहत लाने वाली अपनी तरह की पहली तकनीक है। यह शुरुआत नाबार्ड द्वारा नाबार्ड कार्यालय, कर्नाटक में आयोजित एक कार्यक्रम में की गई।

64. **भारतीय स्टेट बैंक** ने 607.92 मिलियन लेन-देन के साथ UPI रेमिटर बैंकों के बीच UPI लेनदेन में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।

नोट: भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने 607.92 मिलियन लेनदेन के साथ UPI रेमिटर बैंकों के बीच UPI लेनदेन में शीर्ष स्थान हासिल किया। बैंकों ने नवंबर में संसाधित कुल UPI लेनदेन के लगभग आधे या 1.1 बिलियन से शुरुआत की है। HDFC रेमिटेंस के मामले में बैंकों के बीच तीसरा सबसे बड़ा UPI -प्लेयर है, जो 179.4 मिलियन लेनदेन के करीब है।

65. भारत सरकार ने राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश में सुरक्षित और हरित राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों के निर्माण हेतु **विश्व बैंक** के साथ 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर के एक प्रॉजेक्ट पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: केंद्र सरकार और विश्व बैंक ने राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश में सुरक्षित और हरित राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों के निर्माण हेतु 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर के प्रॉजेक्ट पर हस्ताक्षर किए। यह परियोजना सुरक्षा और हरित प्रौद्योगिकियों को मुख्यधारा में लाने की सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की क्षमता भी बढ़ाएगी।

66. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने हाल ही में **सुभद्रा** लोकल एरिया बैंक का बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया है।

नोट: केंद्रीय बैंक ने पाया कि लोकल एरिया बैंक (LAB) ने वित्तीय वर्ष 2019-20 में दो तिमाहियों के लिए न्यूनतम निवल मूल्य की आवश्यकता का उल्लंघन किया था। 10 जुलाई, 2003 को बैंक को निगमित किया गया और कोल्हापुर, सतारा, सांगली, बेलगावी और पुणे जिलों में लोकल एरिया बैंक के रूप में काम करने के लिए RBI से बैंकिंग लाइसेंस मिला।

67. BFSI मूवर्स एंड शेकर्स 2020 की रिपोर्ट में **HDFC बैंक** शीर्ष वित्तीय संगठन है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: एक PR- SAAS स्टार्टअप विजिकेय की BFSI मूवर्स एंड शेकर्स 2020 रिपोर्ट ने भारत के शीर्ष 100 बैंकों और उभरते BFSI मॉडल जैसे वॉलेट और UPI, निओबैंक, NBFC, स्मॉल फाइनेंस बैंक, पेमेंट्स बैंक इत्यादि जिन्हें इस वर्ष स्वीकृत किया गया और उनके संबंधित क्षेत्रीय अग्रणियों सहित अन्य को विशेष रूप से दर्शाया। रिपोर्ट के अनुसार, HDFC, ICICI, और SBI 2020 के शीर्ष तीन बैंक थे।

68. **एशियाई विकास बैंक** वित्तीय संस्थान ने राज्य में शहरी क्षेत्रों और पर्यटन के विकास के लिए त्रिपुरा सरकार को 2,100 करोड़ रुपये का ऋण देने की घोषणा की है।

नोट: ऋण व्यवस्था के तहत, प्रारंभ में ADB शहरी और पर्यटन क्षेत्रों के लिए परियोजना के डिजाइन और प्रबंधन सलाहकारों के अनुबंध के लिए 40 करोड़ रुपये प्रदान करेगा। परियोजनाएं तैयार होने के बाद, ADB अगले तीन वर्षों में शहरी क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए 1,600 करोड़ रुपये और पर्यटन क्षेत्र में 500 करोड़ रुपये प्रदान करेगा।

69. राष्ट्रीय जल मिशन ने **नेहरू युवा केंद्र संगठन** के साथ वर्षा जल संचयन के लिए एक जागरूकता अभियान 'जल शक्ति अभियान- II: कैच द रेन' के लिए सहयोग किया है।

नोट: नेहरू युवा केंद्र संगठन दिसंबर 2020 से मार्च 2021 तक पूरे देश में 623 जिलों को कवर करने का अभियान शुरू करेगा। NWM ने सभी हितधारकों को वर्षा जल को संग्रहित करने हेतु वर्षा जल संचयन संरचनाओं (RWHS) के निर्माण हेतु प्रोत्साहित करने के लिए टैगलाइन "कैच द रेन, व्हेयर इट फाल्स, व्हेन इट फाल्स" के साथ एक अभियान 'कैच द रेन' शुरू किया है क्योंकि मानसून के चार/पांच महीनों में होने वाली वर्षा देश के अधिकांश हिस्सों में जल का एकमात्र स्रोत है।

70. एशियाई विकास बैंक ने भारत में लघु वित्त उधारकर्ताओं और MSME की आजीविका का समर्थन करने के लिए **नॉर्दर्न आर्क कैपिटल लिमिटेड** के साथ 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: ADB की कोविड-19 पर प्रतिक्रिया के भाग के रूप में NACL को ऋण वितरित किया गया है। NACL आगे ऋण उधार देगा और वित्तीय संस्थानों तथा व्यक्तिगत उधारकर्ताओं को गारंटी प्रदान करेगा। NACL किफायती आवास वित्त कंपनियों को भी ऋण देगा।

71. मध्य असम, भारत में लोअर कोपिली हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर (LKHEP) संयंत्र के निर्माण हेतु **एशियाई विकास बैंक** ऋण प्रदान करेगा।

नोट: LKHEP संयंत्र से असम विद्युत उत्पादन निगम (APGCL) की जल विद्युत उत्पादन क्षमता दोगुनी होने की उम्मीद है। संयंत्र कोपिली नदी से पानी का उपयोग करके 120MW की कुल क्षमता का उत्पादन करेगा, ताकि अधिकतम मांग की अवधि के दौरान बिजली की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

72. हाउसिंग फाइनेंस कंपनी **HDFC लिमिटेड** ने देश में हरित निर्माण को बढ़ावा देने के लिए इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (IGBC) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: HDFC का इरादा देश में हरित निर्माण के प्रति जागरुकता फैलाने और वित्तपोषण को बढ़ावा देने के लिए IGBC के साथ काम करना है। MOU के तहत, HDFC और IGBC देश भर में क्षमता निर्माण के लिए संयुक्त रूप से प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके ग्रीन हाउसिंग को बढ़ावा देंगे।

73. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया** ने हाउसिंग फाइनेंस बिजनेस से बाहर होने का फैसला किया है।

नोट: राष्ट्र के स्वामित्व वाला बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया अपनी 64 प्रतिशत से अधिक संपूर्ण हिस्सेदारी सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस को 160 करोड़ रुपये में बेचकर हाउसिंग फाइनेंस संयुक्त उद्यम से बाहर हो जाएगा। बैंक ने सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस को सेंट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड (CBHFL) में अपनी 64.40 प्रतिशत की संपूर्ण इक्विटी हिस्सेदारी बेचने के लिए एक बाध्यकारी समझौता किया है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

74. जीवन बीमा कंपनी एसबीआई लाइफ ने पैसालो डिजिटल में 8.99 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है।

नोट: यह लेनदेन लगभग 186.20 करोड़ रुपये की नकद क्षतिपूर्ति के लिए था। इसने प्रति शेयर 489.99 रुपये में कंपनी के 38 लाख इक्विटी शेयर खरीदे हैं, इसने आगे कहा है कि खरीद व्यापार की सामान्य अवधि में की गई थी।

75. सार्वजनिक क्षेत्र के **पंजाब नेशनल बैंक** ने फिजिकल क्रेडिट कार्ड की एक डिजिटल प्रतिकृति 'ई-क्रेडिट कार्ड' पेश की है।

नोट: यह PNB ग्राहकों को कार्ड ले जाए बिना किसी भी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म या मर्चेंट वेबसाइट पर PNB ई-क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने की अनुमति देगा। ग्राहक PNB जिनी मोबाइल ऐप में ई-क्रेडिट कार्ड सुविधा पर क्लिक करके PNB ई-क्रेडिट कार्ड विवरण देख सकते हैं। मौजूदा PNB ग्राहकों को नई सुविधा का उपयोग करने के लिए गूगल प्ले स्टोर और एप्पल के ऐप स्टोर पर उपलब्ध नवीनतम ऐप के साथ अपने PNB जिनी को अपडेट करना होगा।

76. सेंटर फॉर इकोनॉमिक्स एंड बिजनेस रिसर्च (CEBR) की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

नोट: भारत वर्ष 2019 में यूके से आगे निकल कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया था, लेकिन 2020 में छठे स्थान पर वापस आ गया। ब्रिटेन स्थित थिंक टैंक ने अनुमान लगाया कि कोविड-19 महामारी से दोनों देशों की तुलनात्मक बहाली के कारण, चीन पिछले पूर्वानुमान से पांच वर्ष पूर्व 2028 में अमेरिका को पछाड़कर दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। डॉलर के लिहाज से जापान दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा, 2030 के दशक की शुरुआत में भारत इससे आगे निकल जाएगा और जर्मनी चौथे से पांचवें स्थान पर चला जाएगा।

77. **बैंक ऑफ़ बड़ोदा** ने अपना डिजिटल लेंडिंग प्लेटफ़ॉर्म (DLP) लॉन्च किया है, जो प्रत्याशित खुदरा ऋण मांगने वालों को पेपरलेस प्रक्रिया के माध्यम से डिजिटल रूप से ऋण प्राप्त करने की सुविधा देगा।

नोट: प्लेटफॉर्म बिना किसी मानव हस्तक्षेप के 30 मिनट में आवास, कार और व्यक्तिगत ऋण के लिए 'सैद्धांतिक मंजूरी' प्रदान करता है। बैंक DLP के माध्यम से 'फिक्स्ड डिपॉजिट पर ऑनलाइन ऋण' भी प्रदान करेगा। प्रत्याशित ऋण चाहने वाले लोग विभिन्न चैनलों - वेबसाइट, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग और सोशल मीडिया के माध्यम से DLP सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

78. **आईसीआईसीआई बैंक** ने गूगल के साथ साझेदारी की घोषणा की है जो उपयोगकर्ताओं को गूगल पे का उपयोग करके फास्टैग जारी करने की सुविधा देगा।

नोट: गूगलपे उपयोगकर्ता अब ICICI बैंक फास्टैग को आसानी से ऑर्डर, ट्रैक और रिचार्ज कर सकेंगे। यह घोषणा ICICI बैंक को फास्टैग जारी करने के लिए गूगल पे के साथ साझेदारी करने वाला पहला बैंक बनाती है। यह पेटीएम के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ाएगा, जो वर्तमान में ऐप से फास्टैग जारी करता है और कई ग्राहकों के लिए काफी लोकप्रिय पसंद है।

79. **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक** का लक्ष्य ICICI प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने 18 लाख से अधिक ग्राहकों को पेपरलेस जीवन बीमा समाधान प्रदान करना है।

नोट: 13 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में एयू बैंक के 700 से अधिक बैंकिंग टचप्वाइंट को ग्राहक-केंद्रित संरक्षण और सेवानिवृत्ति तथा गंभीर बीमारी के लिए ICICI प्रूडेंशियल लाइफ के दीर्घकालिक बचत उत्पाद प्राप्त होंगे।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

श्रद्धांजलियां

1. प्रसिद्ध व्यक्ति एस. रामकृष्णन का हाल ही में निधन हो गया, वह **विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (VSSC)** के पूर्व निदेशक थे।
   नोट: श्री रामकृष्णन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गिंडी से स्नातक करने और आईआईटी, मद्रास से एयरोनॉटिक्स में एमटेक करने के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के एक प्रमुख केंद्र VSSC में अगस्त 1972 में शामिल हुए। वह ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के नेतृत्व में भारत के पहले उपग्रह प्रक्षेपण वाहन के विकास के लिए उत्तरदायी SLV-3 प्रॉजेक्ट टीम के सदस्य के रूप में शामिल हुए।
2. प्रसिद्ध व्यक्ति मीर जफरुल्लाह खान जमाली का हाल ही में निधन हो गया, वह पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री थे।
   नोट: बलूचिस्तान से देश के पहले और एकमात्र निर्वाचित प्रधानमंत्री जमाली ने जनरल परवेज मुशर्रफ के सैन्य शासन के दौरान सेवा की थी। हालांकि, जनरल मुशर्रफ ने 2004 में उनसे इस्तीफा मांग लिया और उनकी जगह शौकत अजीज ने ले ली। उन्होंने वर्ष 2013 के आम चुनावों में एक निर्दलीय के रूप में जीत हासिल की, लेकिन बाद में PML-N में शामिल हो गए और वह पिछली असेंबली में ट्रेजरी बेंच पर काबिज थे।
3. प्रसिद्ध व्यक्ति मनु मुखर्जी का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **अभिनेता** थे।
   नोट: अभिनेता को सत्यजीत रे की जॉय बाबा फेलुनाथ और गणशत्रु में उनकी भूमिकाओं के लिए सर्वाधिक याद किया जाता है। वह बच्चों की काल्पनिक फिल्म पातालघर का भी हिस्सा थे।
4. इंटेलिजेंस ब्यूरो के पूर्व प्रमुख दिनेश्वर शर्मा का हाल ही में निधन हो गया, वह केंद्रशासित प्रदेश **लक्षद्वीप** के प्रशासक थे।
   नोट: 1979 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (IPS) अधिकारी श्री शर्मा बिहार से थे। उन्होंने 2014 से 2016 तक आईबी निदेशक के रूप में कार्य किया। उन्होंने तब ब्यूरो का नेतृत्व किया जब सरकार ने 8 नवंबर 2016 को विमुद्रीकरण की घोषणा की। उन्हें 30 मई, 2017 को उत्तर पूर्वी राज्यों में विभिन्न समूहों के साथ शांति वार्ता के लिए केंद्र सरकार का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया था।
5. प्रसिद्ध व्यक्ति वालेरी गिसकार्ड डि'एस्टिंग का हाल ही में निधन हो गया, वह फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति थे।
   नोट: गिसकार्ड 48 वर्ष की आयु में वर्ष 1974 में राष्ट्रपति चुने गए और युद्ध के बाद फ्रांस के सबसे युवा नेता बने। वह एक तीव्र एंग्लोफाइल भी थे, और उन्होंने ब्रिटेन के यूरोपीय आर्थिक समुदाय में शामिल होने के एक वर्ष बाद पदभार संभाला।
6. प्रसिद्ध व्यक्ति धरमपाल गुलाटी का हाल ही में निधन हो गया, वह **MDH** कंपनी के मालिक थे।
   नोट: लोकप्रिय रूप से 'मसालों का राजा' कहे जाने वाले गुलाटी को वर्ष 2019 में देश के तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। MDH दुनिया भर के देशों जैसे स्विट्जरलैंड, जापान, अमेरिका और कनाडा को मसालों का निर्यात करती है। यह मसालों के सबसे बड़े ब्रांडों में से एक है, और लगभग 50 प्रकार के मसाले बनाती है।
25. राष्ट्रीय दिव्यांग सशक्तीकरण केंद्र का उद्घाटन भारत के हैदराबाद में किया गया।

नोट: यह केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPF) के उन दिव्यांग सैनिकों को पुन: कौशल प्रदान करने और पुनर्वास के लिए अपनी तरह का पहला केंद्र है, जिन्हें कर्तव्य के मार्ग पर प्राणघातक चोटें आईं।

26. नीति आयोग ने 'विजन 2035 - पब्लिक हेल्थ सर्विलांस इन इंडिया' नामक श्वेत पत्र जारी किया है।

नोट: इसमें विस्तारित रेफरल नेटवर्क और विस्तारित प्रयोगशाला क्षमता की आवश्यकता के साथ-साथ आयुष्मान भारत में त्रि-स्तरीय सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के एकीकरण के माध्यम से सार्वजनिक स्वास्थ्य निगरानी के लिए भारतीय दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है।

27. नॉर्वेजियन इंस्टीट्यूट ऑफ बायोइकोनॉमी रिसर्च (NIBIO) ने भारत में गाद प्रबंधन फ्रेमवर्क के विकास के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के थिंक टैंक सीगंगा के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: यह 5वीं इंडिया वाटर इम्पैक्ट समिट 2020 के दौरान घोषित किया गया था। इसका आयोजन राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और सेंटर फॉर गंगा रिवर बेसिन मैनेजमेंट एंड स्टडीज द्वारा किया जाता है।

28. वर्ष 2022 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में, केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय **कोलकाता** में एक संग्रहालय स्थापित करने की योजना बना रही है।

नोट: "स्मरणोत्सव के एक भाग के रूप में कोलकाता में बोस पर एक संग्रहालय स्थापित किया जाना और लाल किला, नई दिल्ली के वर्तमान संग्रहालय का विस्तार किया जाना प्रस्तावित है।" भारत सरकार नेताजी द्वारा लिखित कुछ पुस्तकों की पुनर्मुद्रण की योजना भी बना रही है। नई दिल्ली में नेताजी संग्रहालय का भी विस्तार किया जाना है।

29. हाल ही में जारी संयुक्त राष्ट्र मानव विकास सूचकांक 2020 में भारत की रैंक **131वीं** है।

नोट: पहली बार, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम ने प्रत्येक देश के प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन और उसके भौतिक पदचिह्न के कारण होने वाले प्रभाव को दर्शाने के लिए एक नई मापन विधि की शुरुआत की है, जो माल और सेवाओं की खपत में उपयोग किए जाने वाले जीवाश्म ईंधन, धातुओं और अन्य संसाधनों की मात्रा को मापता है। नॉर्वे, जो HDI में सबसे ऊपर है, इस मापन विधि का उपयोग किए जाने पर 15 पायदान नीचे आ जाएगा और आयरलैंड तालिका में शीर्ष पर होगा।

30. देश में स्पेस सिचुएशन अवेयरनेस (SSA) गतिविधियों के लिए एक कंट्रोल सेंटर बेंगलुरु में स्थापित किया गया है।

नोट: ISRO SSA कंट्रोल सेंटर, 'NETRA', पीन्या में ISTRAC परिसर के भीतर स्थापित किया गया है। कंट्रोल सेंटर की परिकल्पना भारत में सभी SSA गतिविधियों के केंद्र के रूप में कार्य करने के लिए की गई है।

31. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे (IIT-B) द्वारा जारी अर्बन क्वालिटी ऑफ लाइफ (UQoL) सूचकांक 2020 में मुंबई को पहले स्थान पर रखा गया है।

नोट: इसके अनुसार, मुंबई (महाराष्ट्र) सूचकांक में शीर्ष पर है, इसके बाद दिल्ली, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) और चेन्नई (तमिलनाडु) सबसे उच्च गुणवत्ता वाला जीवन प्रदान करते हैं, जबकि बिहार की राजधानी पटना अपने लोगों को सबसे खराब गुणवत्ता वाला जीवन प्रदान करती है। विशेषकर, यह पहली बार है जब सूचकांक ने लैंगिक समानता कारक पर विचार किया है जिसके तहत चेन्नई को महिलाओं के लिए अनुकूलतम शहर माना गया है, जबकि पटना इसमें अंतिम स्थान पर रहा।

32. **नेहरू प्राणी उद्यान, हैदराबाद** ISO 9001: 2015 क्वालिटी मैनेजमेंट स्टैंडर्ड्स सर्टिफिकेशन प्राप्त करने वाला भारत का पहला प्राणी उद्यान है।

नोट: ASCB द्वारा मान्यता प्राप्त HYM इंटरनेशनल सर्टिफिकेशन प्राइवेट लिमिटेड ने हाल ही में ISO 9001: 2015 प्रमाणन की समीक्षा की। मूल्यांकन का आधार स्वच्छता, खाद्य प्रसंस्करण, पशु जनन, चिकित्सा, पशु देखभाल, स्वच्छता रखरखाव और स्थापना था। विशेषकर, नेहरू प्राणी उद्यान में बाघों और भारतीय गौर की संख्या में भी वृद्धि हुई थी।

33. फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (FADA) और ऑटोमोटिव स्किल्स डेवलपमेंट काउंसिल (ASDC) ने भारत के ऑटो डीलरशिप सेक्टर में डिजिटल कौशल अंतर को कम करने के लिए गूगल के साथ साझेदारी की घोषणा की है।

नोट: साझेदारी का मुख्य उद्देश्य भारतीय डीलरशिप को कोविड काल के बाद ग्राहकों से जुड़ने के लिए डिजिटल साधनों और प्लेटफ़ॉर्म को अपनाने के माध्यम से सशक्त बनाना है। डिजिटल मार्केटिंग, हाइपर लोकल मार्केटिंग और फुल फ़नल स्ट्रेटजी के विषयों के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह डीलरों की मदद करने और इस आवश्यक परिवर्तन में

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

उनका समर्थन करने के लिए गूगल इंडिया की पहली पहली है।

34. नेटवर्किंग और कम्युनिकेशन कंपनी एरिक्सन ने एक रिपोर्ट "द एरिक्सन मोबिलिटी रिपोर्ट 2020" जारी की, जिसमें अनुमान लगाया गया कि भारत का 5G कनेक्शन वर्ष 2026 तक 350 मिलियन के पार चला जाएगा।

नोट: रिपोर्ट में वर्ष 2021 तक भारत के पहले 5G कनेक्शन की शुरुआत अधिसूचित की गई थी। दुनिया की 15% से अधिक आबादी (1 बिलियन लोग) 5G कवरेज वाले क्षेत्रों में निवास करेगी। वैश्विक आबादी का 60% (3.5 बिलियन) 2026 तक 5G सदस्यता के साथ 5G कनेक्शन का उपयोग करेगी।

35. ग्लोबल अलायंस फॉर बिल्डिंग एंड कंस्ट्रक्शन द्वारा जारी 2020 ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट फॉर बिल्डिंग एंड कंस्ट्रक्शन के अनुसार, बिल्डिंग एंड कंस्ट्रक्शन सेक्टर द्वारा उत्सर्जित CO_2 प्रतिशत **38%** है।

नोट: यह वार्षिक रिपोर्ट का 5वां संस्करण है। ग्लोबल ABC को COP21 (2015 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन) में लॉन्च किया गया था और इसे संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा आयोजित किया गया है।

36. 'मानव स्वतंत्रता सूचकांक 2020: व्यक्तिगत, नागरिक और आर्थिक स्वतंत्रता के वैश्विक मापन' में भारत की रैंक 111वीं है।

नोट: यह कैटो इंस्टीट्यूट ऑफ यूनाइटेड स्टेट्स और कनाडा के फ्रेजर इंस्टीट्यूट द्वारा जारी छठी वार्षिक रिपोर्ट है। न्यूजीलैंड सूचकांक में सबसे ऊपर, उसके बाद स्विट्जरलैंड है। व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मामले में भारत 110वें और आर्थिक स्वतंत्रता में 105वें स्थान पर था। सूचकांक में चीन को 129वें, बांग्लादेश को 139वें और पाकिस्तान को 140वें स्थान पर रखा गया।

37. संशोधित 'डूइंग बिजनेस' 2020 रिपोर्ट में भारत की रैंक **63वीं** है।

नोट: विश्व बैंक ने डेटा अनियमितताओं की समीक्षा के बाद संशोधित डूइंग बिजनेस रैंकिंग जारी की है। WB ने चीन की रैंकिंग 7 पायदान कम की है। WB ने सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और अजरबैजान की रैंकिंग भी संशोधित की। अजरबैजान की रैंकिंग 34 से संशोधित होकर 28 हो गई है।

38. नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती मनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा गठित समिति के प्रमुख **अमित शाह** है।

नोट: समिति में विशेषज्ञ, इतिहासकार, लेखक और नेताजी के परिवार के सदस्यों के साथ-साथ उनकी आजाद हिंद फौज से जुड़े प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल होंगे। समिति दिल्ली, कोलकाता और भारत तथा विदेशों में नेताजी और आजाद हिंद फौज से जुड़े अन्य स्थानों पर स्मारक गतिविधियों के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेगी।

39. **चेन्नई मैथेमैटिकल इंस्टीट्यूट (CMI)** ने गणित और कम्प्यूटिंग विज्ञान में एडवांस्ड रिसर्च के लिए डॉ. एफ.सी. कोहली उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना करने का निर्णय लिया है।

नोट: केंद्र की स्थापना के लिए 10 करोड़ रुपये के प्रतिबद्ध दान के साथ, संस्थान कोष बढ़ाने के लिए कॉरपोरेट्स, सामुदायिक समूहों, सहकर्मियों और शुभचिंतकों से धन जुटाएगा। भारतीय आईटी उद्योग के वास्तुकार के रूप में जाने जाने वाले एफ.सी. कोहली का 26 नवंबर को 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

40. केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर द्वारा जारी 'स्टेटस ऑफ लेपर्ड इन इंडिया 2018' की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में तेंदुओं की आबादी में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

नोट: 2014 में किए गए अनुमान से आबादी में 60 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। मप्र राज्य (3,421), कर्नाटक (1783) और महाराष्ट्र (1690) में सर्वाधिक आबादी दर्ज कर गई है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

41. समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (MPEDA) ने अपनी तरह की पहली पहल में **आन्ध्र प्रदेश** में एक्वाफर्मर्स के लिए बहुभाषी कॉल सेंटर शुरू किया है।

नोट: कॉल सेंटर मुख्य रूप से आंध्र प्रदेश के एक्वाफार्मर्स की जरूरतों को पूरा करता है, यह राज्य देश के समुद्री उत्पादों के निर्यात में 60 प्रतिशत से अधिक का योगदान देता है। कॉल सेंटर अंग्रेजी और हिंदी में भी कॉल का उत्तर दे सकता है।

42. घरेलू विकसित डेटा स्टोरेज और मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म डिजीबॉक्स नीति आयोग ने लॉन्च किया है।

नोट: भारत में अब अपना स्वयं का क्लाउड स्टोरेज प्लेटफॉर्म डिजीबॉक्स है। गूगल ड्राइव, ड्रॉपबॉक्स और माइक्रोसॉफ्ट वनड्राइव का एक संभावित विकल्प, स्वदेशी क्लाउड सेवा को 'आत्मनिर्भर भारत' पहल को बढ़ाने के कदम के रूप में देखा जाता है। घरेलू विकसित डेटा स्टोरेज और मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म नीति आयोग द्वारा लॉन्च किया गया है और यह नियमित उपयोगकर्ताओं के साथ-साथ व्यवसायों को भी सस्ती सेवाएं प्रदान करेगा। बिना कोई तकनीकी विवरण जाहिर किए, कंपनी ने कहा कि सभी डेटा एन्क्रिप्टेड और भारतीय सर्वर में संग्रहीत किए जाएंगे। क्लाउड स्टोरेज प्लेटफॉर्म एंड्रॉइड और आईओएस पर उपलब्ध है और इसे वेब के माध्यम से कंप्यूटर पर एक्सेस किया जा सकता है। डिजीबॉक्स सेवा की सबसे दिलचस्प विशेषता यह है कि यह उपयोगकर्ताओं को तब भी फाइलें साझा करने की अनुमति देता है, जब उनके पास डिजीबॉक्स अकाउंट न हो।

43. अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2020 का आयोजन भारत के कुरुक्षेत्र में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर द्वारा किया गया।

नोट: अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव 17 से 25 दिसंबर, 2020 तक आयोजित किया गया था। महामारी को देखते हुए, समारोह इस बार सीमित है। जबकि पहले, पूरे महीने अतिरंजित कार्यक्रम चलता रहता था, इस बार समारोह केवल एक सप्ताह तक चला।

44. इंडियन नेशनल सेंटर फॉर ओशन इन्फॉर्मेशन सर्विसेज (INCOIS) ने ऑपरेशनल ओशनोग्राफी में महासागरीय सेवा, डेटा, विशेषज्ञता को साझा करने के लिए **भारतीय नौसेना** के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।

नोट: यह समझौता ज्ञापन ऑपरेशनल ओशनोग्राफी के क्षेत्र में महासागरीय सेवा, डेटा, विशेषज्ञता को साझा करने पर केंद्रित है और इससे भविष्य में सार्थक बातचीत और व्यवसायिक आदान-प्रदान को आगे बढ़ाने में भारतीय नौसेना और INCOIS दोनों को लाभ होगा।

45. भारत 2021 में एक वैश्विक मीडिया और फिल्म शिखर सम्मेलन आयोजित करेगा।

नोट: वर्ष 2022 स्वतंत्रता का 75वां वर्ष और कान फिल्म महोत्सव का 75वां वर्ष होगा, और इस अवसर को अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में एक विशेष मंडप के साथ एक अलग पैमाने में मनाया जाएगा।

46. भारत ने स्वदेशी रूप से हाई हॉर्सपॉवर वाले रेल इंजन विकसित किए हैं और वह ऐसा करने वाला दुनिया का छठा देश बन गया है।

नोट: भारतीय रेलवे ने रेल के इंजन और डिब्बे की फ्रेंच निर्माता एल्सटॉम द्वारा स्थानीय रूप से निर्मित अपने पहले 12,000 हॉर्सपॉवर के इलेक्ट्रिक रेलइंजन को परिचालित किया। रेलइंजन ने दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन से शिवपुर के बीच अपनी पहली व्यावसायिक सफर किया। भारतीय रेलवे ने हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक इंजनों के निर्माण के लिए एल्सटॉम को अनुबंध देने के पांच वर्ष पूरे किए हैं।

47. केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत द्वारा गंदे शौचालयों और हाथ से मैला ढोने वालों को पहचानने और जियोटैग देने के लिए लॉन्च किया गया मोबाइल एप्लिकेशन **"स्वच्छता अभियान"** है।

नोट: यह ऐप हाथ से मैला ढोने वाले व्यक्तियों का पुनर्वास करने में मदद करेगा और गंदे शौचालयों की

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

जगह स्वच्छ शौचालय बनाएगा। गंदे शौचालय के स्थान के बारे में किसी भी प्रामाणिक डेटा बेस की अनुपस्थिति में, डेटा संग्रह और संकलन के लिए गैर सरकारी संगठनों, सामाजिक संगठनों और आम जनता की मदद लेने का निर्णय लिया गया है।

48. **हरदीप सिंह पुरी** ने सुशासन दिवस पर एक नया वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप ई-संपदा किसने लॉन्च किया है।

नोट: नया ऐप एक लाख से अधिक सरकारी आवासों के आवंटन, 28 शहरों में 45 ऑफिस कॉम्प्लेक्स में सरकारी संगठनों को कार्यालय के स्थान का आवंटन और 1,176 हॉलीडे होमरूम की बुकिंग सहित सभी सेवाओं के लिए एक सिंगल विंडो प्रदान करता है। यह पोर्टल पूरे भारत में उपयोगकर्ताओं को शिकायतें दर्ज करने, दस्तावेज जमा करने और वर्चुअल पेशी के लिए ऑनलाइन सुविधा प्रदान करता है।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. **पश्चिम बंगाल** राज्य सरकार ने सार्वजनिक सेवा को तेज करने और लोगों के घर पर सार्वजनिक सेवा वितरण के लिए 'दुआरे सरकार' (द्वार पर सरकार) कार्यक्रम शुरू किया है।
   नोट: दुआरे सरकार (द्वार पर सरकार) कार्यक्रम के लिए स्थापित होने वाले शिविरों में पात्र लोगों को राज्य सरकार द्वारा संचालित कम से कम 11 योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा।
2. **पंजाब** राज्य सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में डिजिटल तकनीक विकसित करने और उपयोग में लाने के लिए इंटरनेशनल डिजिटल हेल्थ एंड आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस रिसर्च कोलेबरेटिव (I-DAIR) के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।
   नोट: पंजाब स्वास्थ्य के लिए जन-केंद्रित डिजिटल अवसंरचना मॉडल विकसित करने वाला I-DAIR का पहला सरकार साझेदार है। पंजाब सरकार की ओर से राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव (शासन सुधार) अनिरुद्ध तिवारी ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
3. सूर्यधार झील का उद्घाटन **उत्तराखंड** राज्य में किया गया।
   नोट: सूर्यधार झील 50.25 करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई है। यह 550 मीटर लंबी, 28 मीटर चौड़ी और 10 मीटर गहरी है, इसकी क्षमता 77,000 घन मीटर है। झील अपने आस-पास के लगभग 20 गांवों की पेयजल और सिंचाई आवश्यकताओं को पूरा करेगी और आने वाले समय में एक प्रमुख पर्यटन और पानी के खेलों का गंतव्य बनेगी।
4. चक्रवात 'बुरेवी' हाल ही में भारत के तमिलनाडु राज्य से टकराया है।
   नोट: यह बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में पिछले 10 दिनों के अंदर उत्पन्न हुआ तीसरा चक्रवात है। चूंकि चक्रवात निवार के कुछ ही दिनों बाद नया चक्रवात बुरेवी आया, इसका प्रभाव अधिक मंद होगा।
5. भारत के राजस्थान में अंग दान करने वालों के लिए देश के पहले स्मारक का उद्घाटन किया गया।
   नोट: यह विशिष्ट स्मारक शहर के SMS अस्पताल के पास, मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटीजन फोरम (MFJCF) और जयपुर नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से उन लोगों के सम्मान में स्थापित किया गया है, जिन्होंने जरूरत पड़ने पर दूसरों को अपना जीवन दिया। राजस्थान, दिल्ली और मुंबई में 100 से अधिक लोगों की जान बचाने वाले 38 अंग दाताओं के नाम स्मारक पर अंकित किए गए हैं।
6. रायमोना राष्ट्रीय उद्यान असम का छठा राष्ट्रीय उद्यान बनने वाला है।
   नोट: प्रस्तावित रायमोना राष्ट्रीय उद्यान का क्षेत्र रिपु रिजर्व फॉरेस्ट के अंदर है, जिसका इतिहास 19वीं

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

शताब्दी के अंत में देश के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक रूप से प्रबंधित वनों का रहा है। इस क्षेत्र में राज्य की सर्वाधिक जैव विविधता वाली वानस्पतिक संरचना शामिल है जिसमें 11 प्रकार और उप-प्रकार के विभिन्न वन वर्गीकृत किए जा सकते हैं।

7. स्वास्थ्य साथी योजना पश्चिम बंगाल की स्वास्थ्य बीमा योजना है जिसका विस्तार अब राज्य की संपूर्ण जनसंख्या को शामिल करने के लिए किया गया है।
नोट: यह माध्यमिक और तृतीयक देखभाल के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपये वार्षिक तक का बुनियादी स्वास्थ्य कवर प्रदान करता है। राज्य-संचालित और निजी दोनों अस्पताल योजना का हिस्सा हैं। इस योजना के तहत कार्ड परिवारों की महिला संरक्षकों को जारी किया जाता है। राज्य में प्रत्येक नागरिक और प्रत्येक परिवार को उनके आयु वर्ग पर ध्यान दिए बिना योजना में शामिल किया जाएगा।

8. भारत में हाल ही में जारी पुलिस स्टेशनों की वार्षिक रैंकिंग में मणिपुर के नोंग्पोक सेकमई पुलिस स्टेशन को देश के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकारी पुलिस स्टेशन का दर्जा दिया गया।
नोट: वार्षिक रैंकिंग 2015 से की जा रही है। मणिपुर के थौबल जिले के नोंग्पोक सेकमई पुलिस स्टेशन को देश के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकारी पुलिस स्टेशन का स्थान दिया गया। तमिलनाडु के सलेम शहर के सुरमंगलम में महिला पुलिस स्टेशन को सूची में दूसरा स्थान दिया गया।

9. ओडिशा सरकार ने इंटरनेशनल सैंड आर्ट फेस्टिवल के 9वें संस्करण का आयोजन किया है।
नोट: सैंड आर्ट फेस्टिवल में भारत और दुनिया भर के कुशल कलाकारों द्वारा बनाई गई शानदार रेत कला प्रदर्शित होती है। मैक्सिको, स्पेन, सिंगापुर, फ्रांस, नॉर्वे, जर्मनी, नीदरलैंड और अमेरिका के विश्व के सम्मानित रेत कलाकारों ने भाग लिया।

10. बिहार इस वर्ष बिहार के पहले प्रवासी पक्षी महोत्सव का आयोजन कर रहा है।
नोट: यह भागलपुर वन प्रभाग, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी और स्थानीय मंदार नेचर क्लब द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। इस क्षेत्र में प्रतिवर्ष नवंबर और मार्च के बीच बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी आते हैं। महोत्सव का उद्देश्य क्षेत्र में अवैध शिकार के मामलों की जांच करना है।

11. सबसे बड़ी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) योजना 'ओरुनोडोई' असम में शुरू की गई।
नोट: यह योजना वर्तमान में 17 लाख लाभार्थी परिवारों के साथ शुरू की गई है। सरकार ने कहा कि वह 'ओरुनोडोई योजना के तहत परिवार की एक महिला सदस्य के खाते में 830 रुपये प्रति माह हस्तांतरित करेगी। BTC जिलों को भी शामिल करने के बाद लाभार्थियों की संख्या बढ़कर लगभग 22 लाख हो जाएगी।

12. मध्य प्रदेश राज्य ने 2030 तक एड्स को पूरी तरह से समाप्त करने का लक्ष्य रखा है।
नोट: इंदौर में सर्वाधिक 12 हजार 773 मरीज सामने आए। 7 हजार से अधिक मरीजों के साथ भोपाल दूसरे स्थान पर है। जबलपुर में लगभग 6 हजार मरीज हैं जबकि ग्वालियर में 3 हजार से अधिक HIV मरीज हैं। सर्वाधिक 68 प्रतिशत HIV संक्रमित लोग 25 से 49 वर्ष आयु वर्ग के हैं।

13. प्रजा फाउंडेशन द्वारा हाल ही में अर्बन गवर्नेंस इंडेक्स में **ओडिशा** शीर्ष स्थान पर है।
नोट: अर्बन गवर्नेंस सूचकांक के अनुसार ओडिशा के बाद महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ का सथान था। सूची में दिल्ली 13वें स्थान पर है। राज्यों को नगर प्रशासन, निर्वाचित प्रतिनिधियों और विधायी संरचना और सशक्त नागरिकों एवं शारीरिक सशक्तीकरण के विषयों के आधार पर 0 और 100 के बीच स्थान दिए गए थे। महाराष्ट्र ने 55%, ओडिशा ने 56% स्कोर किया। अन्य शीर्ष प्रदर्शनकारी राज्य छत्तीसगढ़ (49.68%), केरल (48.77%) और मध्य प्रदेश (45.94%) थे।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

14. कान्हलगांव महारष्ट्र राज्य का 50वां वन्यजीव अभयारण्य होगा।
नोट: राज्य के 50वें वन्यजीव अभयारण्य और 10 नए कंजर्वेशन रिजर्व (CR) शामिल होने के साथ, महाराष्ट्र ने अपने संरक्षित क्षेत्र नेटवर्क 62 से बढ़ाकर 73 क्षेत्र किया है, अब राज्य का 10,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र संरक्षित है।

15. सिक्किम के बाद शासित प्रदेश **लक्षद्वीप** ने 100% जैविक क्षेत्र का दर्जा प्राप्त किया है।
नोट: लक्षद्वीप100% जैविक क्षेत्र का दर्जा हासिल करने वाला सिक्किम के बाद दूसरा स्थान है। यह भारत के केंद्र शासित प्रदेशों के बीच स्थान प्राप्त करने वाला पहला है। केंद्र सरकार की परम्परागत कृषि विकास योजना (जैविक खेती सुधार कार्यक्रम) के तहत केंद्रशासित प्रदेश के पूरे 32 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को जैविक प्रमाणित किया गया है।

16. **पश्चिम बंगाल** राज्य सरकार ने ताजपुर में एक गहरे समुद्री बंदरगाह के निर्माण की घोषणा की है।
नोट: ताजपुर गहरे समुद्र बंदरगाह को 15,000 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा और यह 25,000 लोगों के लिए रोजगार का सृजन करेगा। यह राज्य का पहला गहरा समुद्री बंदरगाह होगा। खड़गपुर के आसपास के लौह और इस्पात उद्योगों को निर्यात के लिए उनके समीप बंदरगाह होने से बढ़ावा मिलेगा।

17. मिजोरम राज्य ने महामारी में नौकरी गवांने वाले प्रवासी कामगारों की मदद के लिए "लाइवलीहुड जेनरेशन फॉर रिटर्नड माइग्रेंट वर्कर्स प्रॉजेक्ट" शुरू किया है।
नोट: इस परियोजना को पूर्वोत्तर परिषद द्वारा वित्त पोषित किया जाएगा। यह 7 घटकों के माध्यम से 2,600 से अधिक श्रमिकों को कौशल आधारित प्रशिक्षण और उद्यमिता प्रदान करेगी।

18. उत्तर प्रदेश सरकार ने हाल ही में दुनिया भर में अपनी थारू जनजाति की अनूठी संस्कृति ग्रहण करने के लिए एक योजना शुरू की है।
नोट: राज्य सरकार उत्तर प्रदेश वन विभाग की होम स्टे योजना के साथ नेपाल की सीमा से लगे बलरामपुर, बहराइच, लखीमपुर और पीलीभीत जिलों में थारू गांवों को जोड़ने के लिए काम कर रही है। इसका उद्देश्य मुख्य रूप से वनों से एकत्रित घास से बनी पारंपरिक झोपड़ियों में पर्यटकों को प्राकृतिक थारू निवास में रहने का अनुभव प्रदान करना है।

19. विश्व के अग्रणी मोबिलिटी प्लेटफॉर्म, ओला ने विश्व के सबसे बड़े स्कूटर विनिर्माण संयंत्र की स्थापना के लिए **तमिलनाडु** राज्य सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।
नोट: प्रारंभ में, इसकी वार्षिक विनिर्माण क्षमता 2 मिलियन यूनिट होगी। यह भारत को दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों का विनिर्माण केंद्र बनाएगा। यह विनिर्माण, रोजगार को बढ़ाते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों के आयात पर भारत की निर्भरता को कम करेगा।

20. ट्रूकॉलर द्वारा जारी ग्लोबल इनसाइट्स रिपोर्ट 2020 के चौथे संस्करण में वैश्विक स्पैम कॉल में भारत की रैंक **9वीं** है।
नोट: रिपोर्ट का चौथा संस्करण बताता है कि कोविड-19 महामारी ने "दुनिया भर में संचार के ढंग और स्पैम पैटर्न" को प्रभावित किया है। रिपोर्ट के अनुसार, ब्राजील स्पैम कॉल से दुनिया में सर्वाधिक प्रभावित देश है, इसके बाद अमेरिका और हंगरी का स्थान है।

21. तेलंगाना सरकार ने नई तकनीकों में 30,000 विद्यार्थियों को कौशल प्रदान करने के लिए किस टेक कंपनी के साथ भागीदारी की है।
नोट: आईबीएम उभरती प्रौद्योगिकियों और पेशेवर विकास कौशल पर केंद्रित एक मुफ्त डिजिटल शिक्षा प्लेटफॉर्म ओपन पी-टेक की पेशकश करने के लिए तेलंगाना अकादमी फॉर स्किल एंड नॉलेज (TASK) के साथ काम करेगी। इंजीनियरिंग, डिग्री और पॉलिटेक्निक कोर्स के कुल 30,000 विद्यार्थियों को एक वर्ष की अवधि में पहल से लाभ होगा।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

22. देश की सबसे बड़ी तेल एवं गैस उत्पादक कंपनी ONGC द्वारा भारत का आठवां हाइड्रोकार्बन उत्पादक बेसिन **पश्चिम बंगाल** में खोला गया है।

नोट: ONGC ने भारत के आठ हाइड्रोकार्बन उत्पादक बेसिनों में से सात की खोज और उनमें उत्पादन कार्य किया है, जो कुल स्थापित तेल एवं गैस भंडार का 83 प्रतिशत है। ONGC भारत की सबसे बड़ी तेल एवं गैस उत्पादक कंपनी है जो देश के हाइड्रोकार्बन उत्पादन में 72 प्रतिशत का योगदान देती है।

23. आयुष मंत्रालय ने केंद्र प्रायोजित योजना राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत **उत्तराखंड** में 200 आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों को मंजूरी दी है।

नोट: इस संबंध में, अरविंद लाल वंदना लाल (ALVL) फाउंडेशन, नई दिल्ली उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में आयुष HWC के संचालन में आयुष विभाग, उत्तराखंड को सहायता प्रदान कर रहा है। केंद्र सरकार आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान करेगी। ALVL फाउंडेशन जनसंख्या गणना, HWC की जलग्रहण आबादी में हेल्थ कार्ड बनाने में सहायता करेगा और HWC टीम के प्रशिक्षण तथा क्षमता निर्माण में मदद करेगा।

24. आँध्रप्रदेश राज्य सरकार ने किसानों के लिए मुफ्त फसल बीमा योजना शुरू की है।

नोट: आंध्र प्रदेश सरकार ने कृषि सत्र 2019 के लिए बीमा दावों में 9.48 लाख किसानों के बैंक खातों में 1,252 करोड़ रुपये जमा किए हैं। पिछली सरकार ने बीमा प्रीमियम के भुगतान के लिए तीन वर्ष तक औसतन 393 करोड़ रुपये वार्षिक खर्च किए। वर्ष 2020 के दौरान फसल हानि के मुआवजे का भुगतान अगले अप्रैल में किया जाएगा।

25. **गुजरात** राज्य को एक नया ऑनलाइन फायर सेफ्टी अप्रूवल सिस्टम, 'फायर सेफ्टी सीओपी' प्राप्त हुआ और वह ऐसा करने वाला पहला राज्य बन गया है।

नोट: यह प्रणाली, जिसे अगले वर्ष 26 जनवरी से लागू किया जाएगा, कोविड-19 केंद्रों में आग लगने की हालिया घटनाओं के बाद सामने आई है जिसमें 27 नवंबर को राजकोट सहित कई स्थानों पर रोगियों की मृत्यु हो गई थी।

26. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **गुजरात** में दुनिया के सबसे बड़े नवीकरणीय ऊर्जा पार्क की आधारशिला रखी है।

नोट: यह 30,000 मेगावाट क्षमता वाले हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा पार्क को पवन और सौर ऊर्जा दोनों का उपयोग करके खावड़ा में भारत-पाक सीमा के किनारे बनाया जाएगा। 72,600 हेक्टेयर बंजर भूमि में फैली, अपनी तरह की पहली ऊर्जा परियोजना द्वारा वर्ष 2030 तक 450 गीगावाट (4,50,000 मेगावाट) बिजली उत्पन्न करने के भारत के सपने को पूरा करने में एक प्रमुख भूमिका निभाने की उम्मीद है।

27. उत्तर प्रदेश राज्य सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने के लिए 'किसान कल्याण मिशन' शुरू किया है।

नोट: किसान कल्याण मिशन नामक कार्यक्रम राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगा। किसान कल्याण मिशन के तहत राज्य भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

28. उस्ताद इक़बाल अहमद खान जिनका हृदयगति रुकने के बाद निधन हो गया, दिल्ली संगीत घराने के प्रतिपादक थे।

नोट: उस्ताद इक़बाल अहमद खान को भारतीय शास्त्रीय संगीत की विभिन्न विधाओं, जिनमें 'ठुमरी', दादरा, साथ ही भजनों और गज़ल शामिल हैं, में अपने बहुमुखी गायन के लिए जाना जाता था। इक़बाल अहमद खान के नाम कई सम्मान हैं, जिनमें प्रियदर्शनी पुरस्कार (2001), और राजीव रतन सद्भावना सम्मान (2003) शामिल हैं।

29. उत्तर प्रदेश राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति और भूमि संबंधी विवादों को नियंत्रित करने के लिए एक विशेष अभियान 'वरासत' (प्राकृतिक उत्तराधिकार) शुरू किया है।

नोट: यह राज्य में अपनी तरह का पहला अभियान है जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि से संबंधित मुद्दों को समाप्त करना और भू-माफियाओं, जो

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

आमतौर पर विवादित संपत्तियों को निशाना बनाते हैं, द्वारा उत्तराधिकार अधिकारों पर ग्रामीणों के शोषण का अंत करना है। दो महीने का विशेष अभियान 15 फरवरी 2020 तक चलेगा।

30. गुजरात राज्य सरकार ने स्पेशल एजुकेशन रीजन की स्थापना के लिए सेरेस्ट्रा मैनेजर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: गुजरात सरकार ने धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र में गुजरात-स्पेशल एजुकेशन रीजन (G-SER) की स्थापना के लिए सेरेस्ट्रा मैनेजर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। G-SER को 1,000 एकड़ में फैले एजुकेशन हब के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसे विश्वविद्यालय जिला, स्कूल जिला और नवाचार जिला विकसित करने के लिए 5,000 एकड़ तक विस्तारित किया जा सकता है।

31. केरल राज्य सरकार ने **यूएन-वूमन** के साथ मिलकर भारत का पहला जेंडर डेटा हब स्थापित किया है।

नोट: जेंडर हब अधिक सूक्ष्म डेटा एकत्र करने, उनका विश्लेषण और उपयोग करने और महिला अधिकारों पर केंद्रित नीति निर्माण की जानकारी देने के लिए नवंबर 2015 में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन जेंडर इक्वेलिटी के माध्यम से स्थापित लक्ष्यों पर आधारित है।

32. **पंजाब** राज्य सरकार ने 'पीआर इनसाइट' मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल लॉन्च किया।

नोट: पीआर इनसाइट मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल राज्य में उत्तरदायी और पारदर्शी प्रशासन के लिए जनकेंद्रित सेवाओं के वितरण की निगरानी और सुधार करेगा। यह सरकार की नीतियों और योजनाओं पर लोगों की प्रतिक्रिया के जवाब में समन्वित रूप से काम करेगा। ऐप और वेब पोर्टल मौजूदा योजनाओं के उचित निष्पादन को संरेखित करने में मदद करेंगे ताकि प्रत्येक व्यक्ति इसका लाभ उठा सके। यह सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा विकसित किया गया है।

33. भारत और दक्षिण एशिया में ब्लॉकचेन-सक्षम सौर ऊर्जा व्यापार शुरू करने वाला पहला राज्य **उत्तर प्रदेश** है।

नोट: उत्तर प्रदेश ऑस्ट्रेलियाई प्रौद्योगिकी कंपनी पावर लेजर के साथ इंडिया स्मार्ट ग्रिड फोरम (ISGF) के नेतृत्व में एक परियोजना में भारत और दक्षिण एशिया में ब्लॉकचेन-सक्षम सौर ऊर्जा व्यापार शुरू करने वाला पहला राज्य बना। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (UPPCL) और सहायक कंपनी मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (MVVNL) लखनऊ में इमारतों के ऊपर स्थापित सोलर रूफटॉप सिस्टम से उत्पन्न ऊर्जा के पीयर-टू-पीयर (P2P) ट्रेडिंग हेतु प्रायोगिक परियोजना चलाएंगे। इंडिया स्मार्ट ग्रिड फोरम दो अन्य संगठनों के साथ मिलकर परियोजना का क्रियान्वयन करेगा। P2P ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के पहले 12 प्रतिभागियों में रूफटॉप सोलर सिस्टम (प्रोस्यूमर) के साथ नौ ग्राहक और रूफटॉप सोलर सिस्टम (नेट खरीदार) के तीन ग्राहक शामिल होंगे।

34. उत्तर प्रदेश लेदर पार्क स्थापित करने वाला देश का पहला राज्य बना।

नोट: कानपुर के रमईपुर गांव में 5,850 करोड़ रुपये के निवेश से एक मेगा लेदर पार्क बनेगा। कानपुर में मेगा लेदर क्लस्टर के साथ, उत्तर प्रदेश लेदर पार्क स्थापित करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। जो पार्क मेगा लेदर क्लस्टर प्रॉजेक्ट का हिस्सा है, उसमें 50,000 रोजगार सृजित होने की संभावना है। मेगा लेदर क्लस्टर प्रॉजेक्ट लगभग 13,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करेगा। प्रदूषण पर नजर रखने के लिए लेदर पार्क में एक अपशिष्ट उपचार संयंत्र लगाया जाएगा।

35. हरियाणा राज्य सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार विभाग ने स्टार्टअप इकोसिस्टम के निर्माण के लिए इंडिया ऐक्सेलरेटर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: सरकार राज्य में नवाचार और उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने के लिए एक मजबूत स्टार्टअप

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर रही है। सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार विभाग हरियाणा सरकार (DITECH) ने इंडिया ऐक्सेलरेटर के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।

36. राजस्थान सरकार ने सड़क सुरक्षा हेतु डेटा-संचालित प्रणालीगत दृष्टिकोण बनाने के लिए किस IIT के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: इस साझेदारी का उद्देश्य सरकार में सड़क सुरक्षा उपायों और क्षमता को बढ़ाना है ताकि राज्य में सड़क दुर्घटना के पीड़ितों की उत्तरजीविता में वृद्धि हो और राज्य में दुर्घटना दर कम हो सके।

37. तेलंगाना राज्य सरकार ने राज्य में MSME की डिजिटल स्किल और प्रौद्योगिकी प्रदान करके उन्हें डिजिटल और सशक्त बनाने के लिए SAP इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: कार्यक्रम MSME क्षेत्र को वैश्विक बाजार तक पहुंच, श्रमिक बल को डिजिटल कौशल और सस्ती उद्यम प्रौद्योगिकी तक पहुंच प्रदान करके उनके लिए उद्यमशीलता को बढ़ावा देने की दिशा में काम करेगा।

38. ओडिशा राज्य सरकार ने यूनिसेफ के सहयोग से माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यार्थियों के लिए 'करियर पोर्टल' शुरू किया है।

नोट: पोर्टल विभिन्न करियर के बारे में जानकारी तक आसान पहुंच प्रदान करेगा और विद्यार्थियों को शिक्षकों के साथ बातचीत करने का अवसर देगा। विद्यार्थी विशेष रूप से पोर्टल के लिए बनाए गए मोबाइल हेतु अनुकूल ऐप के माध्यम से करियर मार्गदर्शन सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे।

39. भारत की पहली लिथियम रिफाइनरी गुजरात राज्य में स्थापित होगी।

नोट: कंपनी ऑस्ट्रेलिया से लिथियम अयस्क आयात करेगी और गुजरात में प्रसंस्करण करेगी। देश की सबसे बड़ी बिजली व्यापार और नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी में से एक मणिकरण पावर लिमिटेड इस रिफाइनरी को स्थापित करने के लिए लगभग 1,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी। रिफाइनरी बैटरी-ग्रेड सामग्री के उत्पादन के लिए लिथियम अयस्क को संसाधित करेगी।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. **काजाखस्तान** आगामी 2021 SCO शासनाध्यक्ष परिषद की 20वीं बैठक की अध्यक्षता करेगा।

   नोट: शिखर सम्मेलन संयुक्त विज्ञप्ति के अंगीकरण के साथ समाप्त हुआ। बैठक के दौरान उन्होंने पहली बार साझा बौद्ध धरोहर पर SCO ऑनलाइन प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इसे SCO शासनाध्यक्ष परिषद की 19वीं बैठक के दौरान लॉन्च किया गया था।

2. अमेरिकी वायु गुणवत्ता सूचकांक 2020 द्वारा जारी वायु प्रदूषण के आंकड़ों के अनुसार **लाहौर** दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।

   नोट: सूचकांक के अनुसार, लाहौर ने 423 पर्टिकुलेट मैटर (PM) रेटिंग दर्ज की। पाकिस्तान की वित्तीय राजधानी कराची AQI में 7वें स्थान पर रही। नई दिल्ली 229 पर्टिकुलेट मैटर के साथ दूसरे स्थान पर रही, जबकि नेपाल की राजधानी काठमांडू 178 पर्टिकुलेट मैटर के साथ तीसरा सबसे खराब शहर रहा।

3. **खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)** संगठन ने 'द स्टेट ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर (SOFA) 2020 - ओवरकमिंग वाटर चैलेंजेस इन एग्रीकल्चर' नामक रिपोर्ट प्रकाशित की है।

   नोट: रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में लगभग 1.2 बिलियन लोग उच्च जल संकट पर हैं, जिसका अर्थ है कि दुनिया के हर 6 में से एक व्यक्ति को कृषि में गंभीर जल संकट या अभाव का सामना करना पड़ रहा है और ग्रामीण इलाकों में 15% से अधिक

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

जनसंख्या जोखिम पर है। स्टेट ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर 2020 की रिपोर्ट में दो प्रमुख जल चुनौतियों पर ध्यान आकर्षित किया गया है जो कृषि और खाद्य उत्पादन, जल अपर्याप्तता और अभाव को प्रभावित करते हैं।

4. विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तैयार की गई विश्व मलेरिया रिपोर्ट, 2020 के अनुसार, दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में भारत में मलेरिया के सर्वाधिक मामले हैं।
नोट: रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने दक्षिण पूर्व एशिया में मलेरिया के मामलों में सर्वाधिक कमी दर्ज की है। मलेरिया के मामलों की संख्या वर्ष 2000 में 20 मिलियन से घटकर 2019 में 5.6 मिलियन हो गई है। हालांकि, दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में मलेरिया के सर्वाधिक मामले भारत में है। इस क्षेत्र में मलेरिया के लगभग 88% मामले भारत के हैं।
5. **सिंगापुर** संवर्धित मांस (cultured meat) की बिक्री की अनुमति देने वाला पहला देश है।
नोट: मांस मुर्गियों को बिना काटे पशुओं की कोशिकाओं से बनाया जाता है। मांस और अंडे के विकल्प बनाने वाली कंपनी ईट जस्ट इंक को सिंगापुर में अपने प्रयोगशाला निर्मित चिकन बेचने की मंजूरी दी गई है।
6. बांग्लादेश ने भूटान के साथ अपने पहले अधिमान्य व्यापार समझौते (PTA) पर हस्ताक्षर किया है।
नोट: PTA के तहत, 100 बांग्लादेशी उत्पादों को भूटान में शुल्क मुक्त प्रवेश मिलेगा, जबकि भूटान से 34 वस्तुओं को बांग्लादेश में शुल्क मुक्त प्रवेश मिलेगा। सूची में दोनों देशों के बीच चर्चा के आधार पर बाद में अन्य वस्तुओं को शामिल किया जा सकता है।
7. सिंगापुर 2021 में WEF की विशेष वार्षिक बैठक की मेजबानी करेगा।
नोट: पहली बार WEF की विशेष वार्षिक बैठक एशिया में हो रही है और दूसरी बार यह बैठक स्विट्जरलैंड के दावोस के बाहर आयोजित हो रही है। दावोस, स्विट्जरलैंड के बाहर पहली बैठक 2002 में न्यूयॉर्क में आयोजित की गई थी।
8. **यूनिसेफ** ने रचनात्मक अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित "बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान" अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार शुरू करने का निर्णय लिया है।
नोट: इस पुरस्कार का नाम "रचनात्मक अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में यूनेस्को-बांग्लादेश बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार" है। पुरस्कार प्रत्येक दो वर्ष में दिया जाएगा और पुरस्कार राशि 50,000 अमेरिकी डॉलर होगी। इसे अगले वर्ष नवंबर में पहली बार यूनेस्को की 41वीं आम बैठक में दिया जाएगा।
9. **कतर** के साथ भारत ने ऊर्जा पर एक टास्क फोर्स स्थापित करने का फैसला किया।
नोट: इसकी घोषणा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और कतर के ऊर्जा राज्य मंत्री और कतर पेट्रोलियम के अध्यक्ष और सीईओ साद शेरिदा अल-काबी के बीच एक टेलीकॉल के बाद की गई थी। कतर तरलीकृत प्राकृतिक गैस और तरलीकृत पेट्रोलियम गैस का एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता है।
10. **पाकिस्तान और चीन** के बीच संयुक्त वायुसेना अभ्यास "शाहीन (ईगल)-IX" आयोजित किया गया।
नोट: शाहीन-IX संयुक्त वायुसेना अभ्यासों की श्रृंखला में नौवां अभ्यास है जो दोनों देशों में प्रत्येक वर्ष वैकल्पिक आधार पर आयोजित किया जाता है। ऐसा पहला अभ्यास मार्च 2011 में पाकिस्तान में आयोजित किया गया था। चीन और पाकिस्तान के बीच करीबी सैन्य संबंध हैं। चीन संयुक्त रूप से JF-17 लड़ाकू जेट और अन्य आयुध निर्माण करने में पाकिस्तान की मदद करता है।
11. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा जारी की गई इमीशन गैप रिपोर्ट 2020 (वार्षिक रिपोर्ट) के 11वें संस्करण के अनुसार, महामारी के कारण ग्लोबल कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन वर्ष 2020 में **7 प्रतिशत** गिरना निर्धारित है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक जनसंख्या के सबसे अमीर 1% (अमेरिका, यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड) देशों का उत्सर्जन सबसे गरीब 50% देशों के दोगुने से अधिक है। ग्लोबल ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन वर्ष 2019 में बढ़ता रहा। भू-उपयोग परिवर्तन (LUC) के बिना 52.4 GtCO2e (गीगाटन्स ऑफ इक्यूवैलेंट कार्बन डाइऑक्साइड) और LUC सहित 59.1 GtCO2e।

12. **संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को)** ने "स्टेट ऑफ द एजुकेशन रिपोर्ट फॉर इंडिया: टेक्निकल एंड वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (TVET)" का दूसरा संस्करण 2020 जारी किया है।

नोट: इसमें 400 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया जिसमें सरकार, नागरिक समाज, शिक्षाविद, भागीदार और युवा शामिल हैं। स्टेट ऑफ द एजुकेशन रिपोर्ट का दूसरा संस्करण टेक्निकल एंड वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (TVET) पर केंद्रित है।

13. भारत के साथ मैत्री संघ की स्थापना करने वाला पहला अरब देश **ओमान** है।

नोट: ओमान के विदेश मंत्री सैय्यद बदर बिन हमद बिन हमूद अल बुसैदी ने अपने भारतीय समकक्ष एस. जयशंकर के साथ सामरिक संबंधों को बढ़ाने पर विस्तृत वार्ता की। संघ का उद्देश्य एक ऐसा मंच प्रदान करना है जो सल्तनत में ओमान और भारत के व्यापारिक और सामाजिक समुदायों के बीच मित्रता, समझ और पारस्परिक हित के विषयों को बढ़ावा दे।

14. ब्लूमबर्ग न्यू एनर्जी फाइनेंस (BNEF) 2020 क्लाइमेटस्कोप सर्वेक्षण रैंकिंग में **चिली** शीर्ष पर रहा।

नोट: स्वच्छ ऊर्जा निवेश जो 2018-19 में 12 प्रतिशत गिरकर 8.5 बिलियन डॉलर हो गया है और 2017 के बाद से 32 फीसदी गिर गया है, में गिरावट के फलस्वरूप ब्लूमबर्ग न्यू एनर्जी फाइनेंस (BNEF) 2020 क्लाइमेटस्कोप सर्वेक्षण रैंकिंग में भारत पिछले वर्ष के पहले से दूसरे स्थान पर आ गया है।

15. **यूके, संयुक्त राष्ट्र और फ्रांस** क्लाइमेट एम्बीशन समिट 2020 का वर्चुअल माध्यम में सह-आयोजन किया।

नोट: क्लाइमेट एम्बीशन समिट जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते के अंगीकरण के 5 वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित हुई। यह अगली यूएन क्लाइमेट चेंज कॉन्फ्रेंस ऑफ द पार्टीज़ (COP26) की दिशा में एक प्रमुख कदम है, जिसे 2021 में यूके द्वारा आयोजित किया जाएगा।

16. भारत और बांग्लादेश के बीच वर्ष 2021 में 'स्वाधीनता सड़क' खोली जाएगी।

नोट: मार्च 2021 में इसका उद्घाटन होगा। यह भारत की ओर में कार्यात्मक रहेगा, जबकि यह बांग्लादेश के मुजिबनगर, मेहरपुर जिलों को जोड़ेगा।

17. भारत अकादमिक और अनुसंधान सहयोग को मजबूत करने के लिए **यूनाइटेड किंगडम** के साथ काम करने की योजना बना रहा है और इसके लिए एक संयुक्त टास्क फोर्स भी गठित की है जो शैक्षणिक योग्यता को पारस्परिक मान्यता की दिशा में काम करेगी।

नोट: यूनाइटेड किंगडम के विदेश सचिव, डोमिनिक राब ने भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 को दूरदर्शी बताया और शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में संबंधों को गहरा बनाने पर भारत-यूके सहयोग को मजबूत करने का संकल्प प्रकट किया। राब ने भारत के शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल "निशंक" के साथ एक द्विपक्षीय वार्ता की, जिसके दौरान उन्होंने कहा कि NEP 2020 के प्रस्तावित सुधारों से दोनों देशों के बीच विद्यार्थियों, अर्थव्यवस्था और मजबूत संपर्क और सहयोग के अवसर खुलेंगे।

18. **यूनेस्को** ने "स्टेट ऑफ द एजुकेशन रिपोर्ट फॉर इंडिया 2020: टेक्निकल एंड वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (TVET)" जारी की है।

नोट: भारत ने प्राय: जनसांख्यिकीय लाभांश, अपने युवाओं की आकांक्षाओं और विकसित होती अर्थव्यवस्था की कौशल आवश्यकताओं का उल्लेख किया है, एक समावेशी और उचित विकास प्राप्त करने के लिए एक

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

सुकार्यशील TVET प्रणाली पर पूर्ण निर्भरता देश को सामाजिक-आर्थिक विकास के अगले चरण में ले जाएगी। रिपोर्ट का उद्देश्य भारत सरकार का समर्थन करना है जिसने कौशल भारत मिशन के तहत पहले ही एक प्रमुख राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में कौशल विकास की घोषणा की है।

19. भारत के साथ मैत्री संघ स्थापित करने वाला **ओमान** पहला अरब देश है।

नोट: ओमान के विदेश मंत्री सैय्यद बदर बिन हमद बिन हमूद अल बसैदी ने अपने भारतीय समकक्ष एस. जयशंकर के साथ रणनीतिक संबंधों पर और जोर देने के लिए विस्तृत बातचीत की। संघ का उद्देश्य एक ऐसा मंच प्रदान करना है जो ओमान और भारत के व्यापार और सामाजिक समुदायों के बीच मित्रता, समझ और पारस्परिक हित के विषयों को बढ़ावा देता है।

20. रूस को अगले दो ओलंपिक या किसी भी विश्व चैंपियनशिप में अगले दो वर्षों तक अपने नाम, ध्वज और राष्ट्रगान का उपयोग करने से प्रतिबंधित किया गया है।

नोट: खेल व्यवस्था के कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन ने रूस को दो वर्ष के लिए प्रमुख खेल प्रतियोगिताओं के आयोजनों की बोली लगाने से भी रोक दिया। रूसी एथलीटों और टीमों को अगले वर्ष के टोक्यो ओलंपिक और बीजिंग में 2022 के शीतकालीन खेलों के साथ ही कतर में 2022 विश्व कप सहित विश्व चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी जाएगी, यदि उन्हें डोपिंग टेस्ट में पॉजिटिव नहीं नहीं पाया जाता है।

21. पाकिस्तान ने अपने नए बलात्कार विरोधी कानून में बलात्कारी के रासायनिक बंध्याकरण को मंजूरी दी है।

नोट: राष्ट्रपति आरिफ अल्वी द्वारा अनुमोदित नए कानूनों में अदालतों के माध्यम से बलात्कार के मामलों में शीघ्र सुनवाई होगी और देश के पहले राष्ट्रीय यौन अपराध रजिस्टर बनाए जाएंगे। पाकिस्तान एक अत्यधिक रूढ़िवादी और पुरुषप्रधान राष्ट्र है जहां यौन शोषण के शिकार लोग प्राय: बोलने से डरते हैं, या जहां आपराधिक शिकायतों की गंभीरता से जांच नहीं की जाती है।

22. सिंगापुर की हॉकर सेंटर में सांप्रदायिक भोजन की परंपरा को उसके सांस्कृतिक महत्व हेतु यूनेस्को ने मान्यता दी।

नोट: संयुक्त राष्ट्र की सांस्कृतिक एजेंसी ने देश की "हॉकर संस्कृति" को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर सूची में शामिल किया। सिंगापुर के हॉकर सेंटर की स्थापना 1970 के दशक में द्वीप की सफाई के प्रयास में पूर्व स्ट्रीट वेंडरों या "हॉकरों" को आश्रय देने हेतु की गई थी।

23. दूसरा बांग्लादेश-भारत कपास महोत्सव 2020 ढाका में आयोजित किया गया।

नोट: बांग्लादेश टेक्सटाइल मिल्स एसोसिएशन (BTMA), इंडियन कॉटन एसोसिएशन लिमिटेड (ICAL), इंडिया-बांग्लादेश चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (IBCCI) के सहयोग से बांग्लादेश कॉटन एसोसिएशन (BCA) ने संयुक्त रूप से महोत्सव का आयोजन किया।

24. रूस ने दूसरी बार अपने हैवी लिफ्ट अंगारा A5 स्पेस रॉकेट का सफल परीक्षण किया।

नोट: वर्ष 2014 में पहली बार लॉन्च किया गया यह रॉकेट रूस के हैवी लिफ्ट रॉकेट प्रोटॉन एम को प्रतिस्थापित करने के लिए विकसित किया जा रहा है, जो कक्षा में 20 टन से अधिक पेलोड ले जाने में सक्षम है। नए रॉकेट के लिए एक लॉन्च पैड 2021 में खुलेगा।

25. इंडियन ओशेन रिम एसोसिएशन (IORA) मंत्रिपरिषद (COM) बैठक का 20वां संस्करण **संयुक्त अरब अमीरात (UAE)** की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

नोट: बैठक का विषय “Promoting a Shared Destiny and Path to Prosperity in the Indian Ocean” था। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने किया। श्रीलंका ने 2021-23 की अवधि के लिए IORA के उपाध्यक्ष का कार्यभार संभाला है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

26. भारत ने जलवायु लचीली अवसंरचना के निर्माण में विशेषज्ञता साझा करने और ग्रीन हेल्थकेयर में समर्थन हेतु स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग के लिए इजराइल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

नोट: इजराइल के विदेश मंत्री गाबी अश्केनाज़ी और इज़राइल में भारत के राजदूत संजीव कुमार सिंगला द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। 4 नवंबर, 2020 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और इजराइल के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दी।

27. **यूनिसेफ** ने 'कोविड-19 वैक्सीन मार्केट डैशबोर्ड' लॉन्च किया है।

नोट: इस पहले विमोचन में डैशबोर्ड वैश्विक अनुसंधान और विकास पाइपलाइन, अनुमानित उत्पादन क्षमता, द्विपक्षीय और बहुपक्षीय आपूर्ति समझौतों की एक नियमित रूप से अद्यतित समीक्षा प्रदान करता है, जो सार्वजनिक रूप से घोषित किया गया था। वर्ष 2021 के अंत तक 2 बिलियन वैक्सीन डोज़ प्राप्त करने के लिए COVAX फैसिलिटी के लक्ष्य की दिशा में प्रगति हेतु डैशबोर्ड का विस्तार किया जाएगा।

28. चीन ने अंतरिक्ष में एक नया रिमोट सेंसिंग उपग्रह 'याओगन -33' सफलतापूर्वक लॉन्च किया।

नोट: उपग्रह, याओगन -33, को लॉन्ग मार्च -4C रॉकेट पर लॉन्च किया गया और नियोजित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह लॉन्ग मार्च कैरियर रॉकेट श्रृंखला का 357वां फ्लाइट मिशन था। मिशन ने कक्षा में एक सूक्ष्म और नैनो प्रौद्योगिकी प्रयोग उपग्रह भी भेजा। दोनों उपग्रहों का उपयोग वैज्ञानिक प्रयोगों, भू-संसाधन सर्वेक्षण, फसल उपज अनुमान और आपदा रोकथाम एवं न्यूनीकरण के लिए किया जाएगा।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों के लिए **रणजीतसिंह दिसाले** को ग्लोबल टीचर प्राइज़ 2020 दिया गया।

नोट: वह महाराष्ट्र के सोलापुर के एक प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक हैं। ग्लोबल टीचर प्राइज़ वर्की फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया जाता है। 31 वर्षीय रणजीतसिंह दिसाले ने उदारतापूर्वक घोषणा की कि वह 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि का आधा हिस्सा अपने शीर्ष दस साथी फाइनलिस्टों के साथ बांटेंगे।

2. दूषित पेयजल से लेकर मादक द्रव्य की लत और साइबरबुलिंग तक की समस्याओं से निपटने हेतु तकनीक का उपयोग करने के लिए टाइम मैग्जीन द्वारा **गीतांजलि राव** को पहला 'किड ऑफ द ईयर' 2020 चुना गया।

नोट: कोलोराडो, अमेरिका की 15 वर्षीय गीतांजलि को 5,000 उम्मीदवारों में से चुना गया और एकेडमी अवॉर्ड विजेता हॉलीवुड अभिनेत्री एंजेलिना जोली द्वारा TIME के लिए साक्षात्कार लिया गया। ग्यारह वर्ष की आयु में, राव ने डिस्कवरी एजुकेशन 3M साइंटिस्ट चैलेंज जीता और उन्हें अपने नवाचारों के लिए फोर्ब्स द्वारा "30 अंडर 30" सूची में सूचीबद्ध किया गया। उनकी नवीनतम खोज एक ऐप 'Kindly' है जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक के आधार पर प्रारंभिक चरण में साइबरबुलिंग का पता लगाता है।

3. **इन्वेस्ट इंडिया** ने संयुक्त राष्ट्र निवेश प्रोत्साहन पुरस्कार 2020 जीता है।

नोट: पुरस्कार समारोह जिनेवा स्थित UNCTAD मुख्यालय में हुआ। यह पुरस्कार विश्व की सर्वश्रेष्ठ निवेश प्रोत्साहन एजेंसियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित करता है। मूल्यांकन UNCTAD द्वारा

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

दुनिया भर में 180 राष्ट्रीय निवेश प्रोत्साहन एजेंसियों द्वारा किए गए कार्य के मूल्यांकन पर आधारित था।

4. **राज कमल झा ने** अपने उपन्यास "द सिटी एंड द सी" के लिए तीसरा रवींद्रनाथ टैगोर साहित्य पुरस्कार 2020 जीता है।

   नोट: कोविड-19 महामारी के कारण, 5,000 डॉलर के पुरस्कार के विजेता की घोषणा कोपेनहेगन, डेनमार्क में ऑनलाइन की गई थी। झा की पुस्तक, जो दिसंबर 2012 के निर्भया बलात्कार और हत्या के मामले पर आधारित है, को अमिताव घोष की गन आइलैंड, निर्मला गोविंदराजन की तब्बू और रंजीत होसकोटे की जोन्हव्हेल सहित दस शॉर्टलिस्ट की गई पुस्तकों में से चुना गया था।

5. मोंडो दुप्लांटिस स्वीडन से संबंधित है जिसे विश्व एथलेटिक्स पुरस्कार 2020 में पुरुष विश्व एथलीट ऑफ द ईयर चुना गया।

   नोट: डुप्लेंटिस ने फरवरी में वैश्विक कोरोनावायरस महामारी जिससे खेल की दुनिया थम गई, से कुछ ही सप्ताह पहले पोल वॉल्ट में लगातार वीकेंड पर 6.17 मीटर और 6.18 मीटर का प्रदर्शन करके दो बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। जब प्रतियोगिता अंत में शुरू हुई, तो डुप्लेन्टिस ने अपने सीज़न की शुरुआत की और अब तक का सर्वश्रेष्ठ आउटडोर वॉल्ट रिकॉर्ड (6.15 मीटर) बनाया और पूरे वर्ष 16 प्रतियोगिताओं में अपराजित रहे।

6. विश्व एथलेटिक्स पुरस्कार 2020-19 में **वेनेजुएला** की युलिमर रोजस को महिला विश्व एथलीट ऑफ द ईयर चुना गया।

   नोट: मेट्ज़, फ्रांस में रोजस ने वर्ष की अपनी पहली प्रतियोगिता में दक्षिण अमेरिकी इनडोर ट्रिपल जंप का रिकॉर्ड तोड़ा, और 15.03 मीटर का नया रिकॉर्ड कायम किया। मैड्रिड में होने वाले विश्व एथलेटिक्स इंडोर टूर में अपनी अगली प्रतियोगिता में, उन्होंने प्रतियोगिता के अंतिम दौर में विश्व इनडोर रिकॉर्ड को सात सेंटीमीटर से तोड़ते हुए 15.43 मीटर की छलांग लगाई।

7. दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की फोर्ब्स रैंकिंग में पहला स्थान **एंजेला मार्केल** की मिला है।

   नोट: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, अमेरिकी नव-निर्वाचित उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस, बायोकॉन की संस्थापक किरण मजूमदार-शॉ और HCL एंटरप्राइज की CEO रोशनी नादर मल्होत्रा को फोर्ब्स द्वारा दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं में शामिल किया गया। सीतारमण सूची में 41वें स्थान पर हैं, रोशनी नादर मल्होत्रा 55वें स्थान पर हैं, मजूमदार-शॉ - जिन्हें "भारत की सबसे अमीर अपनी मेहनत से सफल महिला" बताया गया- 68वें स्थान पर हैं और लैंडमार्क ग्रुप की चेयरमैन रेणुका जगतियानी 98वें स्थान पर हैं।

8. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को फोर्ब्स की दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की रैंकिंग में **41वें** स्थान पर रखा गया है।

   नोट: केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण फोर्ब्स की दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की रैंकिंग में शामिल हैं। जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल ने लगातार 10वें वर्ष पहला स्थान हासिल किया, यूरोपीय सेंट्रल बैंक की प्रमुख क्रिस्टीन लेगार्ड लगातार दूसरे वर्ष दूसरे स्थान पर रहीं। अमेरिकी नव-निर्वाचित उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस पहली बार सूची में शामिल हुईं और तीसरे स्थान पर रहीं।

9. डॉ. कैरोलिना आराजू **ब्राजील** से संबंधित हैं, जिन्हें बीजगणितीय ज्यामिति में उसके महत्वपूर्ण कार्यों के लिए '2020 रामानुजन प्राइज़ फॉर यंग मैथेमेटिशियन' से सम्मानित किया गया।

   नोट: वह यह पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली गैर-भारतीय महिला गणितज्ञ हैं। वह इंस्टीट्यूट फॉर प्योर एंड अप्लाइड मैथमेटिक्स, ब्राजील से हैं। भारत की रामदोरई सुजाता 2006 में यह पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली महिला थीं। यह हर वर्ष उन युवा गणितज्ञों को प्रदान किया जाता है जो विकासशील देशों में उत्कृष्ट शोध करते हैं।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

10. श्वाब फाउंडेशन और जुबिलेंट भारतीय फाउंडेशन द्वारा स्थापित सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर (SEOY) अवार्ड - इंडिया 2020 **अशरफ पटेल** ने जीता।
नोट: यह वर्ष 2010 में श्वाब फाउंडेशन और जुबिलेंट भारतीय फाउंडेशन द्वारा स्थापित वार्षिक पुरस्कार का 11वां संस्करण है। यह पुरस्कार केंद्रीय महिला एवं बाल विकास और कपड़ा मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी द्वारा प्रदान किया गया।

11. टाइम मैग्जीन का "पर्सन ऑफ द ईयर -2020" **जो बाइडेन और कमला हैरिस** को चुना गया है।
नोट: अमेरिकी नव-निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन और नव-निर्वाचित उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस संयुक्त रूप से टाइम मैग्जीन के 2020 "पर्सन ऑफ द ईयर" चुने गए, अंतिम फाइनलिस्ट की सूची में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी शामिल थे। अमेरिकी राष्ट्रपति को टाइम द्वारा 2016 में पर्सन ऑफ द ईयर चुना गया था।

12. यूके स्थित ईस्टर्न आई अखबार द्वारा प्रकाशित ईस्टर्न आई 50 एशियन सेलिब्रिटी इन द वर्ल्ड सूची में नंबर एक दक्षिण एशियाई सेलिब्रिटी **सोनू सूद** हैं।
नोट: 47 वर्षीय प्रतिभाशाली बॉलीवुड स्टार को कोविड-19 महामारी में विशेष रूप से प्रवासी कामगारों को उनके गृहनगर तक पहुंचने में मदद हेतु अपने प्रेरणादाई परोपकारी कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कनाडाई यूट्यूबर, सोशल मीडिया स्टार, कॉमेडियन और टीवी कलाकार लिली सिंह दूसरे और हाफ-इंडियन ब्रिटिश पॉप सुपरस्टार, चार्ली एक्ससीएक्स तीसरे स्थान पर रहीं।

13. **बजरंग पूनिया को** FICCI 2020 पुरुष स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर चुना गया।
नोट: उन्होंने 2018 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में रजत और 2019 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप और 2013 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य जीता था। यह पुरस्कार FICCI द्वारा उन खिलाड़ियों और विभिन्न हितधारकों के योगदान को सम्मानित करने का एक प्रयास है, जो पूरे वर्ष उत्कृष्ट परिणाम प्रदान देते हैं।

14. **एलावेनिल वलारिवन को** FICCI द्वारा 2020 महिला स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया।
नोट: ताइपेई के ताओयुआन में 10 मीटर एयर राइफल एशियन एयर गन चैंपियनशिप में, उन्होंने वरिष्ठ वर्ग में 250.5 के स्कोर के साथ अपना पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने दो जूनियर विश्व कप स्वर्ण और जूनियर वर्ल्ड कप 2018 विश्व चैंपियनशिप में एक रजत भी जीता।

15. सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवार्ड- इंडिया 2020 से **अशरफ पटेल** को सम्मानित किया गया।
नोट: वह प्रवाह और कम्युनिटी - द यूथ कलेक्टिव (CYC) के संस्थापक सदस्य और बोर्ड सदस्य हैं। सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवार्ड - इंडिया 2020 वार्षिक पुरस्कार का 11वां संस्करण है, जिसे 2010 में श्वाब फाउंडेशन और जुबिलेंट भारतीय फाउंडेशन द्वारा स्थापित किया गया था।

16. **स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड** को स्टील सेक्टर में वर्ष 2020 के प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक एनवायरनमेंट मैनेजमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।
नोट: कंपनी लगातार दो वर्ष से इस पुरस्कार की विजेता रही है। यह पुरस्कार श्रेणी के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक है। ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन संबंधी विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों को ध्यान में रखते हुए, यह पुरस्कार कॉर्पोरेट्स को अपनी पर्यावरण कार्यप्रणाली बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

17. **रतन टाटा** को 'ग्लोबल विजनरी ऑफ सस्टेनेबल बिजनेस एंड पीस' से सम्मानित किया गया।
नोट: उन्हें फिलिस्तीनियों के साथ क्षेत्र में स्थिरता और शांति का समर्थन करने वाले नवाचार को बढ़ावा देने हेतु इंडो-इज़राइल चैंबर्स ऑफ कॉमर्स द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्हें दुबई में फेडरेशन ऑफ इंडो-इज़राइल चैंबर ऑफ कॉमर्स के अंतर्राष्ट्रीय अध्याय के शुभारंभ के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

18. भारत ने इंडोनेशिया के साथ कोऑर्डिनेटेड पेट्रोल (CORPAT) के 35वें संस्करण का आयोजन किया।
नोट: भारत सरकार के SAGAR विज़न (Security And Growth for All in the Region) के भाग के रूप में, भारतीय नौसेना सक्रियता से हिंद महासागर क्षेत्र में देशों के साथ संपर्क में है। CORPAT का आयोजन वर्ष 2002 से इस क्षेत्र में शिपिंग और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की सुरक्षा हेतु किया जा रहा है।

19. **रॉबर्ट लेवांडोव्स्की** ने फीफा मेन्स प्लेयर ऑफ द ईयर 2020 जीता।
नोट: यूरोप में शीर्ष स्कोरर और बेयर्न के साथ चैंपियंस लीग के विजेता 32 वर्षीय लेवांडोव्स्की अन्य दो उम्मीदवारों लियोनल मेस्सी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो से आगे रहे।

20. **लूसी ब्रॉन्ज** ने फीफा वूमन प्लेयर ऑफ द ईयर 2020 जीता।
नोट: यह 2018 में लुका मोड्रिक के बाद केवल दूसरे खिलाड़ी पोल के साथ लेवांडोव्स्की और ब्रॉन्ज दोनों के लिए पुरस्कार जीतने का पहला अवसर है।

21. फोर्ब्स द्वारा 2020 में सर्वाधिक कमाई करने वाली सेलिब्रिटी **काइली जेनर** बनी
नोट: दुनिया में शीर्ष कमाई वाले सितारों ने 2020 में 6.1 बिलियन डॉलर की संयुक्त कमाई की, जिसमें काइली जेनर और कान्ये वेस्ट सूची में शीर्ष पर हैं। टायलर पेरी, हॉवर्ड स्टर्न और ड्वेन जॉनसन के अलावा, रोजर फेडरर, क्रिस्टियानो रोनाल्डो, लियोनेल मेस्सी, नेमार और लेब्रोन जेम्स जैसे A-लिस्टर एथलीटों ने शीर्ष 10 में जगह बनाई।

22. भारतीय उद्यमी **विद्युत मोहन**, जो UNEP द्वारा दिए गए प्रतिष्ठित "यंग चैंपियंस ऑफ द अर्थ" 2020 पुरस्कार के सात विजेताओं शामिल है।
नोट: इंजीनियर विद्युत् मोहन सामाजिक उद्यम 'तकाचार' के सह-संस्थापक है, जो किसानों को खुले में आग जलाने से रोकता है और किसानों के अपशिष्ट को मूल्य वर्धित रसायनों जैसे एक्टिवेटेड कार्बन ऑन-साइट में परिवर्तित करके अतिरिक्त कमाई करता है।

23. BBC स्पोर्ट्स पर्सनालिटी ऑफ द ईयर 2020 अवॉर्ड **लुईस हैमिल्टन** ने जीता।
नोट: 35 वर्षीय ड्राइवर, जिन्होंने पिछले महीने माइकल शूमाकर के सात F1 खिताब के रिकॉर्ड की बराबरी की थी, ने एक जनमत में जॉर्डन हेंडरसन और होली डोयले को पछाड़कर प्रतिष्ठित ब्रिटिश ब्रॉडकास्टर पुरस्कार जीता। इंग्लैंड के मिडफील्डर हेंडरसन ने लिवरपूल को 30 वर्षों में अपना पहला प्रीमियर लीग खिताब दिलाया।

24. **अमर सिंह कॉलेज श्रीनगर** ने सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण के लिए वर्ष 2020 में संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) एशिया-प्रशांत पुरस्कार जीता।
नोट: केंद्रशासित प्रदेश में इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (INTACH) 80 वर्ष पुरानी इमारत में संरक्षण कार्य कर रहा है। सात संरक्षण परियोजनाओं को अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक समिति के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया है, जिन्होंने एशिया-प्रशांत क्षेत्र के नौ देशों के 48 उम्मीदवारों की समीक्षा की।

25. UAE में 12 वर्षीय भारतीय **सिद्धान्त गम्बर** जिसने एक मिनट में सर्वाधिक हवाई जहाज के पिछले हिस्से की पहचान करके गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज किया।
नोट: सिद्धान्त गम्बर, एक अबू धाबी निवासी बालक, जिसने 60 सेकंड में 39 हवाई जहाजों के पिछले हिस्से की पहचान की, शीर्ष 100 सबसे ऊंची इमारतों की पहचान करने वाला सबसे युवा भारतीय है। दुनिया की शीर्ष 100 सबसे ऊंची इमारतों की पहचान करने में सबसे युवा व्यक्ति के रूप में उनका नाम इंडिया बुक में भी दर्ज किया गया है।

26. **NTPC लिमिटेड** को 15वीं CII-ITC सस्टेनेबिलिटी अवार्ड्स 2020 में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) डोमेन में प्रतिष्ठित CII-ITC सस्टेनेबिलिटी

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

अवार्ड्स 2020 में "एक्सीलेंस" से सम्मानित किया गया।

नोट: NTPC को कॉर्पोरेट एक्सीलेंस श्रेणी में सम्मानित किया गया है। यह CSR डोमेन में CII-ITC द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है। NTPC कॉर्पोरेट एक्सीलेंस श्रेणी में पुरस्कार प्राप्त करने वाला एकमात्र सार्वजनिक उपक्रम है। NTPC ने कॉर्पोरेट एक्सीलेंस श्रेणी में प्रतिष्ठित CII-ITC सस्टेनेबिलिटी अवार्ड्स लगातार दूसरी बार अर्थात वर्ष 2019 और 2020 में जीते हैं।

27. वर्ष 2020 के लिए **वी.के. यादव को** प्रतिष्ठित "एमिनेंट इंजीनियर अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया।

नोट: प्रतिवर्ष इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली लोकल नेटवर्क भारत रत्न सर एम. विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में 15 सितंबर को अभियंता दिवस मनाते हैं। इस अवसर पर, तकनीकी गतिविधियों के अलावा, संस्थान ने इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित इंजीनियरों को एमिनेंट इंजीनियर अवॉर्ड भी प्रदान किया।

खेल समाचार

1. बहरीन फॉर्मूला वन ग्रैंड प्रिक्स 2020 **लुईस हैमिल्टन** ने जीता है।

नोट: सात बार के विश्व चैंपियन हैमिल्टन की यह जीत उनके करियर की 95वीं जीत थी। साखीर में रेड बुल के मैक्स वेर्स्टाप्पेन दूसरे स्थान पर रहे, उनकी टीम के साथी थाईलैंड के अलेक्जेंडर एल्बोन रेसिंग प्वाइंट के सर्जियो पेरेज़ से तीसरा स्थान हासिल करने के बाद पोडियम में तीसरे स्थान पर रहे जिन्हें रेस समाप्ति से तीन लैप पहले इंजन में खराबी का सामना करना पड़ा।

2. 22,000 अंतर्राष्ट्रीय रन तक सबसे जल्दी पहुंचने वाला बल्लेबाज **विराट कोहली** है।

नोट: कोहली ने यह उपलब्धि SCG में ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच दूसरे एकदिवसीय मैच के दौरान हासिल की। ODI के दिग्गज खिलाड़ी ने 390 रन का पीछा करते हुए भारत के लिए 89 रनों की शानदार पारी खेली। कोहली 22,000 अंतर्राष्ट्रीय रन बनाने वाले दुनिया के आठवें और तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।

3. बहरीन में फार्मूला वन साखिर ग्रैंड प्रिक्स **सर्जियो पेरेज़** ने जीता।

नोट: सर्जियो पेरेज़ वर्ष 1970 में पेड्रो रोड्रिग्ज के बाद फार्मूला वन में मैक्सिकन विजेता बने, इसके साथ मर्सिडीज के प्रभुत्व वाली रेस की श्रृंखला समाप्त हुई, जिसके लिए वाल्टेरी बोटास आठवें और जॉर्ज रसेल नौवें स्थान पर रहे। 30 वर्षीय मैक्सिकन ने पहली-लैप दुर्घटना से वापसी की जिसने उन्हें अपनी 190वीं रेस में फील्ड में पीछे कर दिया था।

4. **श्रीलंका** जून 2021 में एशिया कप की मेजबानी करेगा।

नोट: वास्तविक कार्यक्रम के अनुसार, 2020 में टूर्नामेंट का आयोजन पाकिस्तान द्वारा किया जाना था, हालांकि, यह कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित हो गया। अब इस प्रतियोगिता को जून 2021 तक आगे बढ़ा दिया गया है, जिसमें श्रीलंका क्रिकेट पीसीबी से मेजबानी के अधिकार ग्रहण करेगी। मुआवजे के रूप में, पीसीबी को 2022 संस्करण के लिए मेजबानी के अधिकार दिए गए हैं।

5. जेहान दारूवाला **फॉर्मूला रेस** से संबंधित हैं, जिन्होंने हाल ही में खेल जीतने वाला पहला भारतीय बनकर इतिहास रचा।

नोट: यह F2 सीज़न की अंतिम रेस थी। फॉर्मूला 2 चैंपियनशिप एक सेकेंड टियर एकल-सीटर रेसिंग चैंपियनशिप है। 22 वर्षीय जेहान दारूवाला वर्तमान में रेड बुल जूनियर टीम के सदस्य हैं और कार्लिन मोटरस्पोर्ट के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

6. पॉल सीन ट्वा म्यांमार से संबंधित है जिन्होंने एशिया के लिए 'गोल्डमैन इनवायरमेंटल प्राइज़ 2020' जीता।
नोट: सीन ट्वा को बहामास, घाना, इक्वाडोर, मैक्सिको और फ्रांस से पांच अन्य जमीनी पर्यावरण कार्यकर्ताओं के साथ प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला। "ग्रीन नोबेल पुरस्कार" नाम वाला यह पुरस्कार दुनिया के आवास योग्य छह महाद्वीपों में से प्रत्येक के एक पर्यावरण नायक को प्रतिवर्ष दिया जाता है।
7. **एंथोनी जोशुआ** ने वर्ल्ड हैवीवेट खिताब 2020 जीता है।
नोट: एंथोनी जोशुआ ने कुब्रत पुलेव के साथ नौवें दौर के नॉकआउट में अपना वर्ल्ड हैवीवेट खिताब बरकरार रखा, जो संभवतः टायसन फ्यूरी के खिलाफ मुक्केबाजी के अनडिस्प्यूटेड चैंपियन बनने के लिए एक ऑल-ब्रिटिश मुकाबले की तैयारी कर रहे हैं। जोशुआ पुलेव को पहले ही तीन बार नॉक डाउन कर चुके थे, जब उन्होंने 39 वर्ष के बुल्गेरियाई खिलाड़ी पर राइट हुक लगाते हुए एक बार फिर उन्हें कैनवास पर गिराया था।
8. वर्ष की अंतिम फॉर्मूला वन अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स 2020 **मैक्स वेर्स्टाप्पेन** ने जीता।
नोट: रेस में चैंपियन मर्सिडीज के वाल्टेरी बोटास पोडियम पर दूसरे और सात बार के विश्व चैंपियन लुईस हैमिल्टन तीसरे स्थान पर रहे। 23 वर्षीय वेर्स्टाप्पेन ने एक शानदार पोल पोजिशन हासिल की और अच्छी शुरुआत की, जबकि बोटास आराम से हैमिल्टन को रोकने में कामयाब रहे।
9. पुरुष वर्ग में वर्ष 2020 का FICCI स्पोर्ट्सपर्सन पुरस्कार **बजरंग पूनिया** ने जीता।
नोट: पहलवान बजरंग पूनिया और निशानेबाज एलावेनिल वलारिवन को क्रमशः पुरुषों और महिलाओं का "स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर" सम्मान मिला। बजरंग पूनिया, 65 किग्रा वर्ग फ्रीस्टाइल कुश्ती में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं।
10. एलावेनिल वलारिवन निशानेबाजी से संबंधित हैं जिन्होंने महिला श्रेणी में वर्ष 2020 का FICCI स्पोर्ट्सपर्सन पुरस्कार जीता है।
नोट: पहलवान बजरंग पूनिया और निशानेबाज एलावेनिल वलारिवन को क्रमशः पुरुषों और महिलाओं का "स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर" सम्मान मिला। एलावेनिल वलारिवन निशानेबाजी के खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं, उन्होंने 2018 ISSF जूनियर विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता, उसने 2019 में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी खेलों में रजत पदक जीता। उन्होंने 2019 में वर्ल्ड कप सुहेल में स्वर्ण पदक जीता और वह टोक्यो ओलंपिक 2021 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।
11. पाकिस्तान 2022 में एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा।
नोट: जुलाई 2020 में, एशिया कप की शासी संस्था, एशिया क्रिकेट परिषद (ACC) ने घोषणा की कि महामारी के कारण एशिया कप के 2020 संस्करण को रद्द कर दिया गया था। 2020 संस्करण जो पाकिस्तान द्वारा आयोजित किया जाना तय किया गया था, रद्द कर दिया गया है, इसलिए मुआवजे के रूप में पाकिस्तान को 2022 संस्करण की मेजबानी प्रदान की गई है। एशिया कप पुरुषों का एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (ODI) और ट्वेंटी 20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट है।
12. **ब्रेकिंग** प्रतिस्पर्धा पेरिस में 2024 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में अपना पदार्पण करेगी और एक पदक प्रतियोगिता होगी।
नोट: ब्रेकिंग पेरिस में 2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में अपना ओलंपिक पदार्पण करेगी, जबकि 3 अन्य खेल जुलाई, 2021 (कोविड-19 के कारण विलंबित) में 2020 टोक्यो ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में अपना ओलंपिक पदार्पण करेंगे। नए खेलों का प्रस्ताव पेरिस 2024 आयोजन समिति द्वारा किया गया था।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

13. फॉर्मूला 1 सीज़न की अंतिम अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स 2020 के विजेता **मैक्स वेर्स्टाप्पेन** हैं।
नोट: वह रेड बुल के रेसर हैं और नीदरलैंड से हैं। अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स 2020 में वाल्टेरी बोटास (मर्सिडीज-फिनलैंड) दूसरे स्थान पर रहे, उनके बाद लुईस हैमिल्टन (मर्सिडीज-ग्रेट ब्रिटेन) थे।
14. **अंकिता रैना** ने दुबई में एकाटेरिन जॉर्जोडेज़ के साथ ITF युगल खिताब जीता।
नोट: भारतीय टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना ने महामारी प्रभावित 2020 सीजन का अपना तीसरा युगल खिताब जीता, साथ ही एकेटेरिन जॉर्जोडेज़ के साथ अल हैबटूर चैलेंज जीता। एकाटेरिन जॉर्जोडेज़ के साथ उन्होंने 100,000 अमेरिकी डॉलर के हार्ड कोर्ट इवेंट के फाइनल में स्पेन की एलियोना बोलसोवा ज़ादोइनोव और स्लोवाकिया की काजा जुवान के खिलाफ 6-4 3-6 10-6 से जीत हासिल की।
15. **ओडिशा** FIH पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 की मेजबानी करेगा।
नोट: वर्ष 2023 का टूर्नामेंट भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम और राउरकेला के बीजू पटनायक हॉकी स्टेडियम में होगा। FIH पुरुष हॉकी विश्व कप 2018 भी ओडिशा द्वारा आयोजित किया गया था। FIH 2023 टूर्नामेंट FIH पुरुष हॉकी विश्व कप का 15वां संस्करण होगा।
16. वर्ष 2022 में **पाकिस्तान** एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा।
नोट: जुलाई 2020 में, एशिया कप की शासी संस्था, एशिया क्रिकेट काउंसिल (ACC) ने घोषणा की थी कि महामारी के कारण एशिया कप के 2020 संस्करण को रद्द कर दिया गया है। वर्ष 2020 का संस्करण पाकिस्तान द्वारा आयोजित किया जाना निर्धारित था, क्योंकि इसे रद्द कर दिया गया था, इसलिए पाकिस्तान को मुआवजे के रूप में 2022 संस्करण का आयोजन प्रदान किया गया है। एशिया कप पुरुषों का एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (ODI) और ट्वेंटी 20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट है।
17. खेल मंत्रालय ने **योगासन** को औपचारिक रूप से प्रतिस्पर्धी खेल की मान्यता दी।
नोट: खेल मंत्री किरेन रिजिजू और आयुष मंत्री (आयुर्वेद योग और प्राकृतिक चिकित्सा यूनानी सिद्ध होम्योपैथी), श्रीपद येसो नाइक ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान योगासन को एक प्रतिस्पर्धी खेल की औपचारिक मान्यता दी। यह कदम योग को प्रोत्साहित करने, इसके लाभों के बारे में जागरूकता फैलाने और लोगों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायता हेतु उठाया गया था।
18. **जिम्बाब्वे** 2023 ODI ICC विश्व कप क्वालीफायर की मेजबानी करेगा।
नोट: पुनर्निर्धारित 2020 ODI विश्व कप के मेजबान भारत और सुपर लीग की सात अन्य शीर्ष टीमें अक्टूबर-नवंबर में होने वाले टूर्नामेंट के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगीं। सुपर लीग की नीचे की पांच टीमें 2023 विश्व कप क्वालीफायर में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें सर्वश्रेष्ठ तीन टीमें लीग 2 में शामिल होंगी।
19. भारतीय मुक्केबाजी चैंपियन **अमित पंघाल** ने पुरुषों के बीच कोलोन विश्व कप 2020 में स्वर्ण पदक जीता।
नोट: अनुभवी सतीश कुमार (+91 किग्रा) को चोट के बाद फाइनल से हटने के लिए मजबूर होने के कारण रजत से संतोष करना पड़ा। भारत ने तीन स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक हासिल करके दूसरे स्थान पर प्रतियोगिता समाप्त की।
20. सिमरनजीत कौर, जिन्होंने हाल ही में एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, मुक्केबाजी से संबंधित हैं।
नोट: भारतीय महिला मुक्केबाज सिमरनजीत कौर (60 किग्रा) ने जर्मनी में कोलोन विश्व कप में अंतिम जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता। सिमरनजीत ने जर्मन की माया क्लिएनहेंस को 4-1 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत तीन स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

पदक हासिल करके प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहा।

21. खेल मंत्रालय ने चार स्वदेशी खेलों **गतका, कलारीपयट्टू, थांग-ता और मल्लखंब** को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 में शामिल करने की मंजूरी दी है।

नोट: मल्लखंब पूरे भारत में बहुत प्रसिद्ध है और मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र इस खेल के केंद्र रहे हैं। गतका की शुरुआत पंजाब राज्य से हुई है और निहंग सिख योद्धाओं की इस पारंपरिक युद्ध शैली का उपयोग आत्मरक्षा के साथ-साथ खेल के रूप में भी किया जाता है। एक मणिपुर मार्शल आर्ट थांग-ता हाल के दशकों में गुमनामी में चला गया है, लेकिन इस खेल को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 की सहायता से पुन: राष्ट्रीय पहचान मिलेगी। तमिल में कुट्टू वर्साई का अर्थ खाली हाथ से लड़ाई है और इसका प्रथम प्रलेख संगम साहित्य में मिला था, इसे काई सिलामबम भी कहा जाता है।

22. एशियाई ओलंपिक परिषद की घोषणा के अनुसार कतर 2030 के एशियाई खेलों की मेजबानी करेगा।

नोट: एशियाई ओलंपिक परिषद (OCA) की एक कार्यकारी बोर्ड बैठक ने दो प्रतिद्वंदियों की दौड़ में सर्वसम्मति से उप-विजेता को 2030 खेलों के मेजबान के रूप में मंजूरी दी। इसका अर्थ है कि 2022 फुटबॉल विश्व कप फाइनल का आयोजन करने के आठ वर्ष बाद कतर बहु-खेल प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा।

23. भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) द्वारा 2020 के अंत में जारी नवीनतम रैंकिंग में **चौथे** स्थान पर रखा गया है।

नोट: बेल्जियम की पुरुष टीम 2020 में शीर्ष स्थान पर रही, जबकि नीदरलैंड की महिला टीम प्रथम स्थान पर रही। जनवरी, 2020 में, FIH ने विश्व रैंकिंग की गणना के लिए एक नई विधि जारी की। नई विधि मैच-आधारित रैंकिंग मॉडल पर आधारित है, जो FIH की पिछली टूर्नामेंट-आधारित रैंकिंग से अलग है।

24. **ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड** फीफा महिला विश्व कप 2023 की मेजबानी करेंगे।

नोट: ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड फीफा महिला विश्व कप 2023 की मेजबानी करेंगे। प्ले-ऑफ टूर्नामेंट का उपयोग फीफा महिला विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में एक टेस्ट इवेंट के रूप में किया जाएगा।

25. रूस के युगल बैडमिंटन खिलाड़ी **निकिता खाकीमोव** पर "सट्टेबाजी और अनियमित मैच परिणामों के संबंध में दोषी पाए जाने के बाद पांच वर्ष का प्रतिबंध लगाया गया है।

नोट: BWF ने एक मुखबिर से सूचना प्राप्त करने के बाद, खाकीमोव के खिलाफ एक जांच शुरू की, जिसने दावा किया कि शटलर ने फरवरी 2018 में आयोजित यूरोपीय टीम चैंपियनशिप में मैच के परिणामों में हेरफेर करने के लिए उससे संपर्क किया था। 32 वर्षीय खाकीमोव उस रूसी पुरुष टीम का हिस्सा थे जिसने 2020 की यूरोपीय टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

26. ICC मेल क्रिकेटर ऑफ डेकेड के लिए सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार **विराट कोहली** ने जीता।

नोट: सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के लिए रेचेल हेहो-फ्लिंट और सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिए सर गारफील्ड सोबर्स सहित ICC अवॉर्ड ऑफ डेकेड के विजेताओं की घोषणा की गई। विराट कोहली ने ICC मेल क्रिकेटर ऑफ डेकेड के लिए सर गारफील्ड सोबर्स अवार्ड जीता।

पुस्तकें एवं लेखक

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

1. 550वें गुरुपर्व के अवसर पर 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एंड हिज़ गवर्नमेंट्स स्पेशल रिलेशनशिप विद सिख' पुस्तक का विमोचन **हरदीप सिंह पुरी** ने किया।
नोट: यह पुस्तक नई दिल्ली में सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर की उपस्थिति में विमोचित की गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रकाशित पुस्तक अंग्रेजी, हिंदी और पंजाबी भाषाओं में जारी की गई थी।
2. "इंडियन आइकॉन: ए कल्ट कॉल रॉयल एनफील्ड" **अमृत राज** ने लिखी।
नोट: यह पुस्तक ब्रांड, कंपनी और सबसे बढ़कर, उन व्यक्तियों की पथप्रदर्शक कहानी दर्शाती है, जिन्होंने रॉयल एनफील्ड को वह बनाया है (वैश्विक बाजारों के लिए एक प्रीमियम घरेलू उपभोक्ता ब्रांड) जो वह आज है।
3. भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जीवन पर आधारित पुस्तक "40 ईयर्स विद अब्दुल कलाम- अनटोल्ड स्टोरीज" पुस्तक के लेखक **ए. सिवथानू पिल्लई** हैं।
नोट: भारत के उप-राष्ट्रपति, एम. वेंकैया नायडू ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जीवन पर आधारित एक पुस्तक, "40 ईयर्स विद अब्दुल कलाम- अनटोल्ड स्टोरीज" नामक पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक पेंटागन प्रेस एलएलपी द्वारा प्रकाशित की गई है और इसकी प्रस्तावना भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी द्वारा लिखी गई थी।
4. "पायनियर ऑफ ह्यूमैनिटी: महर्षि अरविंद" पुस्तक **रमेश पोखरियाल निशंक** ने लिखी।
नोट: पुस्तक 'मानवता के प्रणेता: महर्षि अरविंद' नामक शीर्षक से हिंदी में है। श्री अरविंद पूरी तरह से भारतीय संस्कृति, भारतीय मूल्यों, भारतीय राष्ट्रवाद और भारतीय दर्शन के प्रति समर्पित व्यक्ति थे।
5. 'रोमांसिंग टार्गेट्स' पुस्तक **निधि वढेरा** ने लिखी है।
नोट: इस पुस्तक में, लेखक निधि वढेरा पाठकों के साथ बिक्री प्रक्रिया को समझने के लिए एक व्यवस्थित दृष्टिकोण साझा करती हैं जो आपको बिक्री के लक्ष्यों को समाविष्ट करने और इस प्रक्रिया में क्रोधित हुए बिना परिणाम प्राप्त करने में सशक्त बनाएगी।
6. "धर्म: डिकोडिंग द एपिक्स फॉर ए मीनिंगफुल लाइफ" नामक पुस्तक के लेखक **अमीश त्रिपाठी हैं।**
नोट: पुस्तक प्राचीन हिंदू महाकाव्यों से अवतरित दार्शनिक पाठ प्रदान करती है। पुस्तक वेस्टलैंड पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रकाशित की गई है और दिसंबर 2020 में विमोचित होगी। पुस्तक को आधुनिक भारत में पात्रों के बीच संवाद के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो "महाभारत" जैसे महाकाव्यों और अमीस की पुस्तकों "शिव ट्रियोलॉजी" और "राम चंद्र सीरीज" से विभिन्न व्यावहारिक दार्शनिक सबक प्रदान करता है।
7. भारतीय संसद पर हमले की 19वीं वर्षगांठ पर "द शौर्य अनबाउंड टेल्स ऑफ वेलोर ऑफ सीआरपीएफ" नामक पुस्तक का विमोचन **ओम बिरला** ने किया।
नोट: भारतीय संसद पर हमले की 19वीं वर्षगांठ पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने "द शौर्य अनबाउंड टेल्स ऑफ वेलोर ऑफ सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स" पुस्तक का विमोचन किया। यह CRPF के बहादुरों की वीरता के 13 सबसे अनुकरणीय कार्यों का संग्रह है जिन्हें चक्र से सम्मानित किया गया था।
8. **महाराष्ट्र** राज्य सरकार ने भारतीय संविधान के ब्रेल संस्करण का अनावरण किया।
नोट: दृष्टिबाधित लोगों के लिए भारतीय संविधान को ब्रेल लिपि में उपलब्ध कराने का बहुमूल्य कार्य किया गया है। संविधान के ब्रेल संस्करण को ठाणे स्थित NGO 'अस्तित्व फाउंडेशन' द्वारा तैयार किया गया है।
9. विदेश मंत्री एस. जयशंकर द्वारा विमोचित 'रिपोर्टिंग इंडिया' पुस्तक के लेखक **प्रेम प्रकाश** है।
नोट: विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 'रिपोर्टिंग इंडिया: माई सेवेंटी ईयर जर्नी एज़ ए जर्नलिस्ट' नामक एक पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक आधी सदी के लिए काफी हद तक एक विदेश नीति के परिप्रेक्ष्य से

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

भारत का इतिहास है और उनके पत्रकारीय कार्यों के घरेलू पहलू भी कम दिलचस्प नहीं हैं।

10. उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू द्वारा विमोचित 'ओह मिजोरम' नामक पुस्तक के लेखक **पी.एस. श्रीधरन पिल्लई** हैं।
नोट: पुस्तक को मिजोरम के राज्यपाल पी.एस. श्रीधरन पिल्लई ने लिखा है। यह उनकी 125वीं पुस्तक है। 'ओह, मिजोरम' अंग्रेजी में उनका पहला काव्य संग्रह है। यह इंडस स्क्रॉल प्रेस द्वारा प्रकाशित की गई थी।

11. 'द लाइट ऑफ एशिया: द पोयम दैट डिफाइंड द बुद्धा' पुस्तक **जयराम रमेश** ने लिखी है।
नोट: पुस्तक में "द लाइट ऑफ एशिया" कविता की कहानी दिखाई जाएगी, जिसने बुद्ध और उनकी शिक्षाओं के बारे में लोगों के दृष्टिकोण को साकार किया। पुस्तक वाइकिंग इम्प्रिंट ऑफ पेंगुइन इंडिया द्वारा प्रकाशित की जाएगी।

12. "वाजपेयी: द इयर्स दैट चेंज द इंडिया" पुस्तक **शक्ति सिन्हा** ने लिखी है।
नोट: पूर्व प्रधानमंत्री पर नई पुस्तक उनकी 96वीं जयंती पर विमोचित की गई। शक्ति सिन्हा ने वाजपेयी के साथ विपक्ष के नेता (1996-97) के सचिव और उनके निजी सचिव (1998-99) के रूप में काम किया।

13. 'अयोध्या' पुस्तक **माधव भंडारी ने** लिखी है।
नोट: महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा में विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष माधव भंडारी द्वारा लिखित पुस्तक 'अयोध्या' का विमोचन किया। फडणवीस ने कहा कि राम मंदिर बनाने की लड़ाई हिंदू समुदाय को जगाने की लड़ाई है और पुस्तक को संदर्भ पुस्तक के रूप में उपयोग किया जाएगा।

14. 'कोविड-19: सभ्यता का संकट और समाधान' पुस्तक **कैलाश सत्यार्थी** ने लिखी।
नोट: प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित हिंदी पुस्तक बताती है कि महामारी ने कैसे शिक्षा प्रणाली, व्यवसाय, राजनीति, सार्वजनिक सुरक्षा, विदेश नीति, कानून, चिकित्सा, अर्थव्यवस्था और देशों के विकास को प्रभावित किया है।

15. "इन पर्सूट ऑफ जस्टिस: एन ऑटोबायोग्राफी" **राजिंदर सच्चर** की आत्मकथा है।
नोट: द इंडियन सोसायटी ऑफ इंटरनेशनल लॉ और द इंडियन लॉ इंस्टीट्यूट के सहयोग से स्वर्गीय न्यायमूर्ति राजिंदर सच्चर के परिवार ने न्यायमूर्ति राजिंदर सच्चर द्वारा लिखित पुस्तक "इन पर्सूट ऑफ जस्टिस: एन ऑटोबायोग्राफी" का विमोचन किया। पुस्तक को मरणोपरांत प्रकाशित किया गया है।

16. "अंतिमा" नामक पुस्तक (उपन्यास) **मानव कौल** ने लिखी।
नोट: मानव कौल ने 28 दिसंबर को अपना पहला उपन्यास "अंतिमा" रस्किन बॉन्ड को प्रस्तुत किया और प्रतिष्ठित लेखक ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पुस्तक "रॉयल्टी और पाठकों का प्रेम" अर्जित करेगी। फिल्म "घोल" के अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर एक शॉर्ट वीडियो साझा किया जिसमें बॉन्ड ने उन्हें हिंदी पुस्तक के विमोचन पर बधाई दी।

विज्ञान एवं रक्षा

1. भारतीय नौसेना ने **अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह क्षेत्र** में **ब्रह्मोस** मिसाइल के एंटी-शिप संस्करण का परीक्षण किया।
नोट: यह पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा तनाव के बीच हुआ। यह सफल परीक्षण तीनों सेनाओं द्वारा किए जा रहे परीक्षणों की श्रृंखला का एक हिस्सा है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस भारत और रूस का एक संयुक्त उद्यम है जिसका उद्देश्य ऐसे घातक हथियार बनाना है जो पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों और जमीन से लॉन्च किए जा सकते हैं।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

2. भारतीय नौसेना दिवस पर रूस के साथ भारत ने पूर्वी हिंद महासागर में दो दिवसीय PASSEX अभ्यास किया है।

   नोट: इस अभ्यास में RuFN का गाइडेड मिसाइल क्रूजर वारयाग, एंटी-सबमरीन शिप 'एडमिरल पेंटेलेयेव' और ओशन टैंकर पेचेंगा शामिल हैं। इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों मित्र नौसेनाओं के बीच पारस्परिकता को बढ़ाना, समझ को बेहतर बनाना और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को ग्रहण करना है।

3. किस **आईआईटी गुवाहाटी** के शोधकर्ताओं ने ऐसा नया पदार्थ विकसित किया है जो नम हवा से पानी प्राप्त कर सकती है।

   नोट: इस विधि में सामान्य प्रिंटर पेपर पर स्पंज जैसी छिद्रयुक्त पॉलीमरिक पदार्थ का छिड़काव किया जाता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, इस विधि का उपयोग बायो-फॉलिंग को रोकने के लिए जहाजों और पनडुब्बियों के पानी के नीचे के आवरकों; और विमान की खिड़कियों पर आइसिंग को रोकने में भी किया जा सकता है।

4. इंडियन कोस्ट गार्ड इंटरसेप्टर बोट**लार्सन एंड टुब्रो** जिसे गुजरात के हजीरा में कमीशन किया गया, को किसके द्वारा स्वदेशी रूप से बनाया गया है।

   नोट: यह इंटरसेप्टर बोर्ट मैसर्स एलएंडटी जेट्टी, हजीरा द्वारा स्वदेशी रूप से निर्मित है। उथले पानी में चलने की क्षमता रखने वाली यह बोट 45 समुद्री मील की उच्च गति से चल सकती है। बोट में नवीनतम अत्याधुनिक दिशानिर्देशन और संचार उपकरण लगे हुए हैं।

5. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने PSLV-C50 से CMS-01 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। CMS-01 भारत का **42वां** संचार उपग्रह है।

   नोट: 44-मीटर ऊंचा चार-चरणों वाला इंजन, PSLV-C50, 'XL' कॉन्फिगरेशन में PSLV की 22वीं उड़ान है (पहले चरण में छह स्ट्रैप-ऑन मोटर्स के साथ)। यह भारत के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण वाहन (PSLV) के लिए 52वां मिशन होगा। नॉर्मल कॉन्फिगरेशन में PSLV एक चार-चरण का रॉकेट है, जो वैकल्पिक रूप से ठोस और द्रव ईंधन से संचालित होता है, जिसमें शुरुआती उड़ान के दौरान तेज गति प्रदान करने के लिए छह बूस्टर मोटर्स पहले चरण में लगे होते हैं।

6. **हैदराबाद** में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा उन्नत हाइपरसोनिक विंड टनल (HWT) परीक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया।

   नोट: अत्याधुनिक HWT परीक्षण केंद्र प्रेशर वैक्यूम संचालित समावृत मुक्त जेट सुविधा है जिसमें 1 मीटर का नोजल निकास व्यास है और यह मैक 5 से 12 को सिमुलेट करेगी (मैक ध्वनि की चाल के गुणक घटक को दर्शाता है)। अमेरिका और रूस के बाद, भारत तीसरा ऐसा देश है जहां आकार और परिचालन क्षमता के मामले में इतनी बड़ा केंद्र है। यह एक स्वदेशी विकास और भारतीय उद्योगों के साथ साझेदारी का परिणाम है।

7. तीनों सशस्त्र बलों के प्रमुखों को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित तीन प्रणाली **राजनाथ सिंह ने** सौंपी।

   नोट: ये प्रणालियां इंडियन मैरीटाइम सिचुएशनल अवेयरनेस सिस्टम (IMSAS), अस्त्र मार्क-I मिसाइल और बॉर्डर सर्विलांस सिस्टम (BOSS) हैं। सभी तीन प्रणालियों - IMSAS, अस्त्र मार्क-1 और BOSS - को DRDO ने डिजाइन और विकसित किया है। अस्त्र मार्क-1 स्वदेशी रूप से विकसित पहली बियॉन्ड विजुअल रेंज (BVR) मिसाइल है।

8. भारतीय तटरक्षक बल (ICG) जहाज 'सुजीत' को गोवा में कमीशन किया गया।

   नोट: यह गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित पांच अपतटीय गश्ती पोत (OPV) की श्रृंखला में दूसरा है। यह पोत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' विज़न के अनुरूप बनाया गया है। स्वदेश निर्मित जहाज को रक्षा सचिव राज कुमार द्वारा कमीशन किया जाएगा।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

9. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) अपना रीजनल एकेडमिक सेंटर फॉर स्पेस (RAC-S) IIT-BHU में स्थापित करेगा।
नोट: इस संबंध में भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की भावी तकनीक में उन्नत शोध का मार्ग प्रशस्त करने के लिए IIT-BHU और इसरो के बीच एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए। IIT-BHU इसरो के क्षमता निर्माण, जागरूकता सृजन और R & D गतिविधियों के लिए प्रेरक का काम करेगा। RAC-S की गतिविधियों को इसरो और IIT-BHU में उपलब्ध अनुसंधान क्षमता, अवसंरचना, विशेषज्ञता का अधिकतम उपयोग करने के लिए निर्देशित किया जाएगा।

10. भारत ने ओडिशा तट से मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (MRSAM) का सफल परीक्षण किया, इस मिसाइल को DRDO और इजराइल एयरोस्पेस निर्माता द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।
नोट: इस मिसाइल को ग्राउंड मोबाइल लॉन्चर से दोपहर 3.55 बजे इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज (ITR) के लॉन्च पैड नंबर -1 से लॉन्च कि गया, और इसने लक्ष्य को सटीकता के साथ निशाना बनाया। एक मानवरहित वायु वाहन (UAV) 'बंशी' को पहले हवा में उड़ाया गया, जिसे MRSAM ने निशाना बनाया।

11. **एलएंडटी डिफेंस** को रक्षा मंत्रालय से 'ग्रीन चैनल का दर्जा' मिला।
नोट: इसने अपने प्रमुख नेवल वेपन डिलीवरी सिस्टम के लिए रक्षा मंत्रालय के तहत डायरेटोरेट जनरल क्वालिटी एस्योरेंस (DGQA) से दर्जा मिला। एलएंडटी प्रमुख नौसेना प्रणालियों के वितरण के लिए यह दर्जा (ग्रीन चैनल) प्राप्त करने वाली पहली निजी क्षेत्र की रक्षा कंपनी बनी।

12. सीमा सुरक्षा बल (BSF) और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (BGB) के बीच 51वीं डायरेक्टर जनरल (DG) लेवल बॉर्डर कोऑर्डिनेशन बैठक **गुवाहाटी, असम** में हुई।
नोट: भारत का प्रतिनिधित्व डीजी राकेश अस्थाना ने किया और बांग्लादेश का प्रतिनिधित्व मेजर जनरल मोहम्मद शफीनुल इस्लाम ने किया। गणमान्य व्यक्तियों ने सीमा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की और दोनों देशों के सीमा सुरक्षा बलों के बीच समन्वय विकसित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने एक समन्वित सीमा प्रबंधन योजना और विश्वास मजबूत करने के उपायों को लागू करने के लिए विकास और अवसंरचना कार्यों के बारे में चर्चा की।

----------0----------

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

gradeup

Gradeup Green Card

Features:

- 700 + Full-length Mocks
- 35+ Bank & Insurance Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co